संसेक्स 77,209.90 -269.03
डॉलर 83.582 -0.045
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,860
01 किलो 89,720

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 22 जून 2024, वर्ष-30, अंक-244, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com










## एक नजर

### धनबाद में इंजीनियरिंग के छात्र की गोली मारकर हत्या

**धनबाद।** धनबाद में अपराधियों ने एक इंजीनियरिंग के छात्र की गोलीमार कर हत्या कर दी है। शुक्रवार के अहले सुबह धनबाद के सदर थाना क्षेत्र के तेलीपाड़ा स्थित लॉ कॉलेज के समीप झाड़ियों में युवक घायल अवस्था में पाया गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान मनईटांड़ निवासी अमरदीप भगत (21) के रूप में हुई है। वह इंजीनियरिंग कॉलेज का छात्र था। युवक के गले मे गोली मारी गई है। वहीं, लोग इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आज सुबह कुछ ग्रामीणों ने युवक को खून से लतपथ झाड़ियों में पड़ा देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, युवक के परिजन विकास कुमार ने किसी पर भी शक जाहिर न करते हुए बताया कि गुरुवार की रात वह यह कह कर निकला था कि वह रात में घर नहीं लौटेगा और उसका मोबाइल फोन भी बंद रहेगा। इसी बीच, आज सुबह उन्हें सूचना मिली कि वह घायल अवस्था मे झाड़ियों में पड़ा मिला है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आज | कल




### उद्योग विभाग की योजनाओं का मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय समीक्षा की

# गरीबों और किसानों को लघु और कुटीर उद्योग से जोड़ें : चंपाई

- तसर एवं सिल्क उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं -सीएम चंपाई
- बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करेगी राज्य सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों के आय में वृद्धि लाया जा सकता है।

सिल्क और तसर उत्पादन क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करें :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जियाडा अंतर्गत वैसे औद्योगिक यूनिट जो स्थापित होने के बाद किसी शेष पृष्ठ 11 पर

**धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं दिख रही हैं। राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें प्रशिक्षित भी करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें।

## कुजरूम के ग्रामीणों ने डीएफओ व अन्य वनकर्मियों को गांव में प्रवेश पर रोक लगाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/लातेहार।** गारू प्रखंड के कुजरुम ग्राम में विस्थापन को लेकर ग्रामीणों ने चौथे दिन भी ग्रामसभा का आयोजन किया। कड़ी धूप में आठ घंटे ग्राम सभा की कार्रवाई हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि कुजरूम गांव के ग्रामीण अपने गांव से नहीं जायेंगे। वन विभाग के गलत रवैया के कारण 24 जून को बारेसाढ़ वन कार्यालय नाका के पास आक्रोश रैली एवं चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद भी गांव की विस्थापन नीति रद्द नहीं किया गया तब 29 जून दिन शनिवार को मुख्यमंत्री आवास रांची में रोषपूर्ण प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणो ने बताया कि पोलपोल में विस्थापित किये गए लोगों के घरों के सामान लेने के लिए डीएफओ कुमार आशीष और रेंजर तरुण कुमार सिंह पहुंचे, वैसे ही ग्रामीण आक्रोशित हो गये। गांव में घुसने पर रोक लगा दी। हाथ में हरवे हथियार, लाठी डंडा, कुल्हाड़ी लेकर सड़क पर उतर गये। वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं डीएफओ ने ग्रामीणों को काफी समझाया लेकिन असफल रहे रहे।

**क्या कहते है ग्रामीण :** इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि इको विकास समिति के खाते में 32 लाख रुपए जमा था, जिसे अध्यक्ष फुलेश्वर उरांव और सचिव वन पाल निर्भय कुमार सिंह के मिली भगत से 28 लाख रुपए के निकासी कर लिया गया है। ग्रामीणों के बिना ग्राम सभा किए ही उस पैसे से एक ट्रैक्टर लेने के साथ फिजुल खर्च करने का काम किया है। जबकि ग्राम सभा में ट्रैक्टर नहीं शेष पृष्ठ 11 पर

## नीट परीक्षा में चीन की तरह ड्रोन, जीपीएस व कमांडो लगाए जाएं

**गावोकावो (विश्व की सबसे कठिन परीक्षा) की तरह परीक्षा कराई जाए**

**– ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा में जिस तरह से धांधली हुई है, उसके चलते 24 लाख छात्र और उनके लगभग डेढ़ से दो करोड़ परिजन जिस तरह से परेशान हैं, उसकी गुनाहगार केंद्र सरकार, नीट परीक्षा कराने वाली संस्था के प्रमुख व गुजरात, हरियाणा, बिहार के कुछ कॉलेज, उसके मालिक व कुछ कोचिंग सेंटर हैं। इनमें गुजरात व हरियाणा के परीक्षा सेंटर सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के होने की चर्चा है। इस परीक्षा घोटाले को लोग मप्र में हुए व्यापम घोटाले का बाप घोटाला कहने लगे हैं। लाखों बच्चों के भविष्य का सवाल है, लेकिन केंद्र सरकार के संबंधित मंत्री बातें बना रहे हैं। सवाल है कि चाहे इस तरह की प्रवेश परीक्षा हो या नौकरी की परीक्षा, मोदी राज में बीते कुछ वर्ष से यह बढ़ते ही जा रहे हैं। हालत यह है कि कुछ लोग कहने लगे हैं - भगवान के राज में शिक्षा की देवी सरस्वती की कृपा से यह सब हुआ है। लेकिन, असल सवाल यह है कि इसे रोका कैसे जाये? तो इसके लिए केंद्र के राजा अपने प्रिय मित्र शी जिनपिंग के राज में चीन जिस तरह कड़ी सुरक्षा में विश्व की सबसे कठिन परीक्षा 'गावोकावो' होती है, वैसे ही भारत में कराने की व्यवस्था करें। चीन में अति डिमांड वाले विषयों में उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए छात्रों को 'गावोकावो' परीक्षा पास करनी होती है। इसको पास करने के लिए छात्र 10 साल तक तैयारी करते हैं। एक करोड़ छात्र परीक्षा देते हैं, तो उसमें से मात्र 30 लाख छात्रों को एडमिशन मिल पाता है। इस कारण इस टेस्ट की सुरक्षा को लेकर चीन सरकार बहुत गंभीर रहती है। वहां इस परीक्षा के पेपर तैयारी से लेकर छपने व अन्य जगह ले जाने तक सब कुछ ड्रोन, कमांडो, जीपीएस की निगरानी में होता है। चीन में इस परीक्षा में फोर्स का इस्तेमाल परीक्षा पेपर को लेकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाने व परीक्षा सेंटर में किया जाता है। हर एग्जाम सेंटर पर भी 8 पुलिस ऑफिसर्स की एक अलग टीम तैनात रहती है। एग्जाम सेंटर के 500 मीटर के इर्द-गिर्द में कई ड्रोन उड़ते रहते हैं, वे ड्रोन निगरानी तो करते ही हैं, रेडियो सिग्नल शेष पृष्ठ 11 पर

### जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी

## एक करोड़ रुपए नगद और एक सौ राउंड जिंदा गोली बरामद

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाला मामले में शुक्रवार को रांची के कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन में रहने वाले जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकाने पर छापेमारी की। ईडी ने शेखर कुशवाहा की गिरफ्तारी के बाद यह छापेमारी की है। बीते 12 जून को ईडी ने बड़गाईं जमीन घोटाले में गाड़ीगांव निवासी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने से ईडी ने एक करोड़ रुपया नगद और एक सौ राउंड जिंदा गोली बरामद किया है। इसके अलावा ईडी ने कमलेश के ठिकाने से कई अधिकारियों शेष पृष्ठ 11 पर





### पिस्तौल के बल पर अपहरण करने का प्रयास

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित न्यू सुहानी मॉल के संचालक दीपक प्रसाद की बेटी व बेटा को पिस्तौल के बल पर अपहर करने का प्रयास किया गया। घटना गुरुवार की रात करीब 8 बजे की है। प्रतिदिन की भांति मॉल के संचालक के पुत्र व पुत्री मॉल बंद कर जैसे ही मोटरसाइकिल पर बैठे, इसी क्रम में एक बोलेरो आ कर रुकी और उसमें से तीन लोग पिस्तौल लेकर निकले और दोनों को पकड़ लिया। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों भाई बहन घबरा कर गिर पड़े। गिरते ही दोनों ने जोर से चिल्लाया बचाओ - बचाओ। इस अवाज को सुनकर कई बाईक सवार व अन्य गाड़ी शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया



**सुनील बादल**

*भारतीय मौसम विभाग की पूर्व में दी गई चेतावनी सच साबित हो रही है और चरम हीटवेव या गर्म लहरों से भारत का अधिकांश हिस्सा झुलस रहा है। दिल्ली एनसीआर के कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री के पार पहुंच चुका है।*

## जानलेवा गर्मी में मनुष्यों के साथ पशु पक्षियों की देखभाल हो

वैश्विक स्तर पर वर्ष 2023 तो सबसे गर्म वर्ष माना गया था पर 2024 में स्थितियां और भी विकट हुई हैं। भारतीय मौसम विभाग की पूर्व में दी गई चेतावनी सच साबित हो रही है और चरम हीटवेव या गर्म लहरों से भारत का अधिकांश हिस्सा झुलस रहा है। दिल्ली एनसीआर के कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री के पार पहुंच चुका है नोएडा में दो दर्जन से अधिक की मृत्यु हुई। राजस्थान में बीएसएफ के एक जवान द्वारा रेत में पापड़ तलने का वायरल वीडियो सारे देश ने देखा। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एन्वॉयरनमेंट (सीएसई) के अनुमान के अनुसार, गर्मी से जून की शुरूआत तक देश में कम से कम 219 लोगों की मौत हो गई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में ये गर्म लहरें अब लंबी, तीव्र और लगातार होती जाएंगी। ये विकट परिस्थितियां मनुष्यों के साथ वन्यजीवों तथा पादप प्रजातियों के लिए भी समान रूप से घातक हैं। भारत एक उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्र है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। यह स्थिति निरंतर



गहरा?रही है। असहनीय गर्मी से मनुष्यों के साथ ही जीव-जंतुओं की मौतें भी बढ़ रही हैं। हिमालय से लेकर महासागर तक विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न प्रकार की जीव और पादप प्रजातियां रहती हैं। इनमें कुछ जीव और पादप ऐसे हैं, जो अत्यंत ठंडे या बफीर्ले इलाके में रहते हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं, जो गर्म इलाकों में जीवित रह सकते हैं। लेकिन गर्मी और ठंड के संतुलन की जो प्राकृतिक व्यवस्था है, उसमें गड़बड़ी या असंतुलन हो जाने से जीवधारियों के साथ ही पादपों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। गर्मी बेजुबान वन्यजीवों के लिए गंभीर संकट पैदा करती है। कई जानवर, विशेष रूप से वे, जो अत्यधिक गर्मी के अनुकूल नहीं हैं, अधिक गर्मी से पीड़ित होते हैं। अत्यधिक गर्मी से निर्जलीकरण और हाइपरथर्मिया जैसी समस्याओं से उनकी मृत्यु तक हो जाती है। वन्यजीव अक्सर गर्मी से बचने के लिए रात में अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे उनके भोजन और सहवास का पैटर्न बाधित हो सकता है। जल स्रोत सूखने से उनके लिए पानी की कमी होती है, जिस कारण जानवरों को पानी की तलाश में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे शिकार और मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ जाता है। उच्च तापमान और वर्षा की कमी से वनस्पति भी सूख जाती है, जिससे शाकाहारी जानवरों और उन पर निर्भर मांसाहारी जानवरों के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है। जंगलों से बाहर बस्तियों में भीषण गर्मी से तोते, गौरैया, नीले कबूतर, खलिहान उल्लू, काली चील, पतंगे, भारतीय भेड़िया, सांप, छिपकली, नेवले, शाही, चूहा, सियार, सिवेट, बंदर और गिलहरी जैसे कई जीव प्रभावित होते हैं।हाल ही में हजारीबाग में जंगल के बीच एक गढ्ढा सोशल मीडिया पर दिखा जिसे ग्रामीणों ने बनवाया था। झारखंड में हाथी और बाघ जैसे बड़े स्तनधारी भी आवास, भोजन और पानी की तलाश में मानव बस्तियों के करीब आ जाते हैं, जिससे मानव-जीव संघर्ष बढ़ जाता है। विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में भी वन्यजीवों को गंभीर कष्ट का सामना करना पड़ता है।शमन रणनीतियों को विकसित करने के लिए विस्तृत अध्ययन और सर्वेक्षण किया जाए। स्थानीय समुदायों को चरम मौसमी घटनाओं के दौरान वन्यजीवों की मौतों की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।छत पर दाने और मिट्टी के बर्तन में पानी भी रखना चाहिए।

### सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा क्षेत्र

## असीम संभावनाओं से भरा है कुंदरी लाह बगान

- कुंदरी लाह बगान के दिन कब बहुरेंगे
- साल में करोड़ों रुपए का लाह उत्पादन होता है
- पांच वर्षो में कोई सकारात्मक काम नहीं हो पाया

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** एशिया का दूसरा सबसे बड़ा लाह बगान कुंदरी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। 421 एकड़ में फैला कुंदरी लाह बगान में करीब 3.5 लाख पलाश का पेड़ है। यहां रोजगार सृजन की असीम संभावनाएं है। कई बार इस दिशा में सार्थक प्रयास भी हुआ। बावजूद इसके अभी तक स्थिति जस की तस है। लाह के लिए क्षेत्र की जलवायु काफी लाभकारी है। लाह बगान से कभी हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिलता था। लाह लोगों के आय स्त्रोत था, जिससे लोगों को रोजी-रोजगार के अवसर मिलते थे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस दिशा में आवश्यक नीतियों के अभाव में यह बगान उपेक्षित है। जन आस्था के संस्थापक व लाह उत्पादक सत्यानंद शुक्ला बताते हैं कि एक पलाश के पेड़ पर साल में दो सीजन लाह शेष पृष्ठ 11 पर



### कई काम में होता है लाह का उपयोग

लाह का उपयोग फूड उद्योग, पेंट उद्योग, मेडिकल क्षेत्र इलेक्ट्रानिक उद्योग, बर्तन उद्योग, रक्षा उद्योग में किया जाता है। इसके अलावा गोंद, लाह की चूड़ी जैसे 50 छोटे लघु उद्योग व कुटिर उद्योग में इसका उपयोग किया जाता है। यहां लघु व कुटिर उद्योग की स्थापना कर लाह से उत्पदित वस्तु को बनाने में हजारों लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। रिद्धि-सिद्धि प्राथमिक लाह उत्पादन सहयोग समिति के सचिव कमलेश सिंह यहां उद्योग स्थापित करने व लाह बगान को पुर्नजीवित करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन वे अभी तक सफल नहीं हो सके हैं। बता दें कि पूर्व में तत्कालीन उपायुक्त अमित कुमार के समय में कुंदरी लाह बगान के पलाश को राष्ट्रीय स्तर पर चयन प्राइम मिनिस्टर एक्सीलेंस अर्वाड के लिए हुआ था। रोजगार सृजन व पर्यावरण संरक्षण के संयुक्त अभियान में यह मील का पत्थर है। पलामू के पलाश को शेष पृष्ठ 11 पर




## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**विश्रामपुर।** बी मोड़ बाघमोड़ीया मुख्य पथ पर भंडार गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक की पहचान रेहला निवासी 35 वर्षीय छोटू अंसारी के रूप में हुई है। उसे स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार, युवक अपने बाइक से मेदनीनगर से अपने घर रेहला आ रहा था। तभी भंडार गांव के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया। मौके पर जीएनएम सतेंद्र कुमार, अफजल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### चोरी की बाइक खरीदना पड़ा महंगा, गया जेल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल ने बताया कि सूचना मिली कि जपला छतरपुर मुख्य सड़क स्थित खादी ग्रामोद्योग के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में बाइक के साथ खड़ा है। इस सूचना का सत्यापन के लिए एसआई मनोहर प्रजापति को दी। पुलिस जब उसके समीप पहुंची तो वह घबरा गया। पूछताछ में वह बिहार के नवीनगर थाना क्षेत्र के गोगो गांव निवासी राकेश सिंह बताया। साथ ही उसे टीवीएस अपाची जिसका नंबर बीआर 26एम 8495 का कागजात दिखाने को कहा गया। लेकिन वह कागज प्रस्तुत नहीं किया। उसने पुलिस को बताया कि वह बाइक उसके लड़का सत्यम कुमार ने दिया है, जो रांची में रहकर पढ़ाई करता है। उसने रांची रातु रोड बाबा हॉस्पिटल के पास रहने वाला युवक कुंदन यादव से खरीदा है। पुलिस ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार युवक को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है।

### योग हमारे दैनिक जीवन के लिए अति आवश्यक : प्राचार्या

**पाटन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीयकृत हीरानंद लक्ष्मी प्लस टू उच्च विद्यालय, किशनपुर में शारीरिक शिक्षक विवेक कुमार शुक्ला, प्राचार्या अनीता कुमारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं के बीच अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कराया गया। योगा करने के तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या अनिता कुमारी ने सभी छात्राओं को कहा कि योग हमारे दैनिक जीवन के लिए अति आवश्यक है।

# नाबालिग छात्रा की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद से सटे बिहार केऔरंगाबाद जिला के नवीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के विरोध में गुरुवार की देर शाम क्षत्रिय जागृति मंच हुसैनाबाद व सामाजिक कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वावधान में जपला दुर्गाबाड़ी परिसर से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च हुसैनाबाद के मुख्य सड़कों से जेपी चौक, अंबेडकर चौक होते गांधी चौक पर पहुंचकर सभा में परिणित हो गया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सह जेएमएम के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने सरकार से निष्पक्ष जांच कर अविलंब हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को सरकार फांसी दें। वह किसी की बेटी किसी की घर की चिराग थी। दोषी बचे नहीं और निर्दोष फंसे नहीं। उन्होंने उसके परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने का भी भरोसा दिया है। बता दे कि नवीनगर की नाबालिग लड़की 11 जून को घर से कोचिंग के लिए निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। लापता होने के तीन बाद नाबालिक का शव पुलिस ने बरामद किया। लड़की की मां ने अपनी बेटी की सहेली, उसकी मां और बगल गांव के एक युवक पर अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है। मौके पर प्रेमतोष सिंह,चंदन कुमार सिंह, जाकिर अली उर्फ राज अली, मंगल सिंह, अवधेश सिंह, संजय पाठक, राजेश सिंह, जितेंद्र सिंह, अंजय सोनी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### ताल पंचायत पहुंचे विधायक , सुनी समस्याएं

**पांकी।** पांकी विधायक डा. शशि भूषण मेहता शुक्रवार की दोपहर पांकी प्रखंड के अत्यंत सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र ताल पंचायत के आबुन, मतुली, बिरबीर समेत कई गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। विधायक के आगमन पर ताल पंचायत के ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। विधायकने लोगों की समस्याएं सुनी व उसके निदान के लिए तत्काल पहल भी की। वर्षों से जर्जर हो चुके मतुली आबुन सड़क को तत्काल जेसीबी की मदद से सुदृढ़ करने का कार्य शुरू करवाया। मतुली में नीलांबर-पीतांबर की भव्य प्रतिमा लगवाने के लिए फाउंडेशन का कार्य शुरू करवाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह, ताल पंचायत की मुखिया अनिता लोहरा, बबलू यादव, लक्षण यादव, दशु सिंह, सोनू सिंह, लालदेव भुइयां, महेसर सिंह, सुरेश सिंह, शिवशंकर यादव, उदय राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### योग दिवस पर पुलिसकर्मियों ने किया योग

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के थाना परिसर में मनाई गई 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस। प्रभारी अमित कुमार दिवेदी के द्वारा करवाया गया योग। लोगों को रूबरू होकर कहा कि पहले करे योग, फिर रहे निरोग। उन्होंने कहा कि योग तीन प्रकार के होते हैं। जिसे हमे योग करने से हमारी शरीर काफी लाभदायक महसूस होता है। हमे प्रकृति को मदत मिलते हैं। शरीर को काफी ज्यादा ऊर्जा मिलती है। वहीं सुदूर इलाका डगरा पंचायत भवन समेत डगरा अंताकला ओपी में भी प्रभारी बदरी नाथ प्रसाद सिंह के द्वारा भी करवाया गया योग। वहीं लोगों को विशेष रूप से किया जागरूक।

### योग शिविर पर प्रखंड परिसर में लगाए गए 100 पौधा

**पाटन।** प्रखंड परिसर के मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में बीडीओ अमित कुमार झा, प्रमुख शोभा देवी, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, पंचायत के मुखिया, प्रखंड सह अंचल कर्मी सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। मौके पर प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि योग करने से लोगों को कई फायदे हैं। व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहता है। बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा कि योग करने से हर व्यक्ति निरोग रहता है। सीओ दीपक मिश्रा ने कहा कि योग से रक्त शर्करा को स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और श्वसन संबंधित विकारों को भी दूर करता है। योग से शरीर के मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। साथ ही पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। योग दिवस के अवसर पर प्रखंड परिसर में 100 पौधा रोपण किया गया। मौके पर नरेगा बीपीओ स्वीटी सिन्हा, भाजपा मण्डलअध्यक्ष संजय सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, पूर्व जिला परिषद सदस्य मुक्तेश्वर पांडेय, वार्डन, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### निरोग जीवन के लिए योग जरूरी : एसडीओ

**हुसैनाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि कर्नल डा. संजय सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान मौजूद थे। शिविर का उद्घाटन अतिथियों ने दीप जला कर किया। शिविर का आयोजन ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जपला व पतंजलि योग परिवार इकाई हुसैनाबाद ने किया। इस मौके पर एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा ने कहा कि योग जीवन में शामिल कर निरोग जीवन व्यतीत किया जा सकता है।

## मजदूर किसान महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षकों ने किया योग

नवीन मेंल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह छह बजे से योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में पहुंचे महाविद्यालय के सचिव डा. बिंदेश्वर सिंह ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है, जो भारत से चलकर पूरे विश्व में अपना स्थान बना चुका है। लोगों की दिनचर्या का यह एक हिस्सा बन चुका है। योगदान और मन को निरोगी ही नहीं बनता अपितु यह विशिष्ट ऊर्जा देती है। जिससे व्यक्ति अपने व्यक्तित्व को निखार सकता है। प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम ने कहा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रथम सत्र से अनवरत 21 जून को महाविद्यालय में योग शिविर लगाया जाता है। इसमें योगासन के विभिन्न आसनों को समझा कर कराया जाता है। सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुषों की उपस्थिति रहती है। लोगों ने जीवन में योग के महत्व को बखूबी समझा है और अपने दिनचर्या में स्थान दिया है। आचार्य ओंकार नाथ पाठक ने योग, योगासन के फायदे के लिए विभिन्न आसनों पर अपना विचार प्रकट किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक कर्मी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुषों ने भी विभिन्न आसनों में योगासन किया। योगासन के पश्चात सभी के बीच महाविद्यालय की ओर से गुड़ चना नींबू पानी और नारियल पानी का वितरण किया गया। योग शिविर में महाविद्यालय के सचिव डा. बिंदेश्वर सिंह, प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम, आइक्यूएसी प्रोफेसर राजीव रंजन, बंशीधर सिंह, प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह, राजेश्वर चौधरी, आलोक कुमार पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

### कार होटल में घुसा, एक घायल



**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ में थानान्तर्गत भोला मोड़ के पास शुक्रवार की अपराह्न एक अनियंत्रित कार से एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भोला मोड़ के पास रुका खड़ा था। कार बैक करने के दौरान अनियंत्रित होकर होटल में घुस गया, जिसमे होटल का झोपड़ी गिर गया। वहां मौजूद एक व्यक्ति को गंभीर चोट लगी है। वह बाइक लगाकर होटल में नाश्ता कर रहा था। उसके साथ एक और व्यक्ति था। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के निर्देश पर एसआई सुबीर किस्कू घटनास्थल पहुंच कर कार सहित कार चालक को थाना ले गए। कार में चार लोग सवार थे। सभी नशे में थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नावा बाजार।** छतरपुर प्रखंड के डाली पंचायत स्थित भुइयां टोली निवासी 24 वर्षीय मनीष कुमार भुइयां पारिवारिक विवाद में फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि नावाबाजार थाना क्षेत्र के आम बागवानी के नजदीक एक पेड़ में रस्सी के सहारे लटककर फांसी लगा लिया। जिसके बाद उसका मौत हो गया। इसी बीच शाम 7 बजे घर से निकल कुछ दूरी पर सुनसान जगह में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना की सूचना मिलते हीं नावाबाजार थाना पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जहां शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में लिया। साथ हीं सरकारी प्रक्रिया पूरी करते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए मेदनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया गया।

## उच्च न्यायालय पहुंचा फर्जी एलपीसी का मामला, नोटिस जारी

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** भूमि धारण प्रमाण पत्र निर्गत करने के मामले में नीलांबर पीतांबरपुर अंचल कार्यालय इन दिनों सुर्खियों में है। एलपीसी में फजीर्वाड़े से जुड़े कुछ मामले लेस्लीगंज थाना में लंबित है तो, कुछ मामले विभागीय अधिकारियों के जांच के अधीन है। इधर एक मामला हाईकोर्ट में भी पहुंच चुका है। जिसमें हाईकोर्ट ने शुक्रवार को संबंधित मामले के प्रतिवादी को 6 सप्ताह के अंदर शपथ पत्र दायर करने का निर्देश जारी किया है। वहीं इस अवधि के अंतराल में संबंधित जमीन पर किसी भी प्रकार की गतिविधि पर भी रोक लगा दी है। मामला नीलांबर पीतांबरपुर अंचल के हल्का 4, मौजा कुराईन पतरा, खाता संख्या 22, प्लॉट संख्या 128, रकबा एक एकड़ 32 डिसमिल से जुड़ा है। यह जमीन रजिस्टर टू में पथरही निवासी स्व. किशुन दुबे के नाम से दर्ज है। जमीन के एक हिस्सेदार सूर्यदेव उपाध्याय को अंचल के द्वारा 52 डिसमिल जमीन का भूमि धारण प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। उसी जमीन के दूसरे हिस्सेदार चंद्रदेव दुबे ने निर्गत किए गए एलपीसी को गलत बताते हुए झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को 6 सप्ताह के अंदर प्रतिवादी को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया है।

### 2.15 डिसमिल की जगह 52 डिसमिल का बना है एलपीसी : चंद्रदेव

याचिकाकर्ता चंद्रदेव दुबे का कहना है कि अंचल कार्यालय से निर्गत भूमि धारण प्रमाण पत्र संख्या 01, 06 जनवरी 2024 के संबंध में सक्षम प्राधिकारियों से लिखित शिकायत किया गया था। लेकिन इस मामले में किसी तरह का करवाई नहीं किया गया। जिस 52 डिसमिल जमीन का सूर्यदेव उपाध्याय को एलपीसी निर्गत किया गया है। उस जमीन में सूर्यदेव उपाध्याय का मात्र 2.15 डिसमिल जमीन का हिस्सा बनता है। इस मामले पर अंचल निरीक्षक महेंद्र राम ने कहा कि अभी उनके कार्यालय में हाई कोर्ट से जुड़े कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। नोटिस मिलने पर और उसका अध्ययन करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Office of the General Manager-Cum-Chief Engineer,
Electric Supply Area, Medininagar

**SHORT e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/PR/JBVNL /24-25 | Concealed wiring for proposed TRW building, scrap yard and guard room at Bariyatu Khalsa, Latehar under Electric Supply Division, Latehar | Rs 660336.00 | Rs 13250.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) = 1475 .00 | 01 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 24.06.2024 at 2:00 PM to 07.07.2024 at 6:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 07.07.2024 at 6:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 09.07.2024 at 12:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM(T) , Electric Supply Area ,Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127
1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules ofe-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager Cum Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 327288 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –
**10RII / 2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**

दिनांक–21.06.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/14/23-24 | विश्रामपुर | 1 | L024 पी0डब्लू0डी0 रोड से बघमनवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.90कि0मी0 | 1228.564 | बारह करोड़ अठाईस लाख छप्पन हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | विश्रामपुर | 2 | पिपरा से निमिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 3 | L035 पी0डब्लू0डी0 रोड से टोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.30कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 4 | L075 पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड सुलुदाग से लोहदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 5.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 5 | कुल्ही से पंचायत भवन भाया करकट्टा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 6 | मेन रोड एन0एच0 98 से चेनया चारमुहान रामधीर दुबे एवं बैजनाथ हाउस भाया लभझी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 7 | महुगांवा मेन रोड से कांती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 8 | मोदा सिंह के घर से बक्सा कजरू खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 27.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.07.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 327209 Rural Development(24-25).D

## विश्व योग दिवस

### विश्व योग दिवस पर ग्रासिम सुरभि ग्राउंड में योग अभ्यास शिविर का आयोजन

# योग से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है : हितेंद्र केशव

नवीन मेल संवाददाता



**विश्रामपुर।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सुरभि ग्राउंड में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। हम सब के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि आज यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से दुनिया के 200 से अधिक देशों में पहुंच चुकी है। दुनिया भर में लोग इससे होने वाले लाभ को देखकर इसे अपने जीवन शैली का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने 2024 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के थीम "स्वयं एवं समाज के लिए योग" का जिक्र करते हुए कहा कि योग से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। जिसमे शारीरिक, मानसिक विकास के साथ साथ वैचारिक एवं चारित्रिक विकास भी होता है। योग किसी भी स्वस्थ एवं सभ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। यह हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है एवं तनाव व बीमारियों से बचने में भी सहायक है। उन्होंने लोगों को इसे अपने जीवन शैली में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ग्रासीम आवासीय परिसर में प्रतिदिन योगाभ्यास व प्रशिक्षण नियमित रूप से संचालित हो रहा है। योगाभ्यास में कंपनी के कर्मचारी उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाभ्यास में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमोद सिंह, उनकी टीम ने लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया।

### विश्व योग दिवस पर हरिहरगंज व पीपरा में योगाभ्यास



**हरिहरगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में योगाभ्यास किया गया। महाराजगंज के टंडवा रोड स्थित दिव्या ट्रस्ट फाउंडेशन आश्रम, लुमिनस मेंटर्स एकेडमी, प्रखंड मुख्यालय हरिहरगंज, सीएचसी, हरिहरगंज व पिपरा थाना, पंचायत सचिवालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सरकारी, गैर सरकारी कर्मियों के द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक सह संवाद प्रभारी आयुर्वेद एमडी डॉ. संजय कुमार के द्वारा अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य योग कराए गए। हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुशवाहा, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, हरिहरगंज पुलिस सब इंस्पेक्टर विगेश कुमार, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, समाजसेवी राजीव रंजन, ल्यूमिनस मेंटर्स एकेडमी के डायरेक्टर सत्येंद्र शर्मा ने उपस्थित लोगों के बीच योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। योगाभ्यास में समाजसेवी राजीव रंजन, एनसीपी नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा, राजद नेता कमलेश यादव, अरविंद पासवान, प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, नजीर ब्रजेश कुमार, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह, संजय राणा, विचित्रा कुमारी, विजय प्रजापति, सतीश विश्वकर्मा, सुधीर सिंह, पारसनाथ, रंजन मनोज, अशोक कुमार, निरंजन सिंह, जगनारायण यादव, सत्येंद्र यादव सहित क्षेत्र के सम्मानित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

स्माईल क्राफ्ट दांतों का अस्पताल
SMILE KRAFT DENTAL CLINIC — We want you to Look Your Best
बहु-विशिष्ट दन्त चिकित्सालय Multi Speciality Dental Clinic
A SEPARATE UNIT FOR DENTAL IMPLANT WITH HIGH QUALITY OF STERLIZATION
टेढ़े-मेढ़े दांतों को क्लिप एवं तार से सीधे करने के विशेषज्ञ डॉक्टर
डॉ. श्वेता सिंह
BDS, MDS, Esthetic & Dental Surgeon
Trained Fellow in
Esthetic &Conservation Dentistry
Periodontist & Oral Implantologist
FACILITIES AVAILABLE
• Digital OPG Facility Available in Clinic (Full Mouth X-Ray)
• Single Sitting RCT
• Dental Implant 15000*
• अत्याधुनिक मशीनों से इलाज
ईलाज किसी भी उम्र में सम्भव है
Before After Before After Before After
DENTAL LASER Blood Less, Painless Surgery
•इनविजिबल क्लिप •दंत रोपण •स्माईल डिजाईन •पायरिया का ईलाज • अत्याधुनिक तकनीक द्वारा ईलाज •आर.सी.टी. •टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज •ऑर्थोडोंटिक ट्रीटमेंट •फिक्स डेंचर
टूटे हुए जबड़े का ईलाज होता है
डॉ. विनीत कुमार सिंह
BDS, MDS, MIOS
HOD and Prof. VDCH Garhwa
AOI Life Member, Fellowship in Academy of Oral Implantology, Orthodontist & Oral Implantogist
सेवा सदन के बगल में, डॉ. विजय सिंह के आवास पर, डालटनगंज 7762926170 | 7979933143

## एक नजर

### लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों ने किया योग

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस अवसर बच्चों में उत्साह देखा गया। स्कूल के बच्चे व शिक्षिकाओं ने मिलकर एक साथ योग किया। वृंदावन के विशेष योग प्रशिक्षक कौशल किशोर, ज्ञानवी अग्रवाल ने बच्चों को योग सिखाया। प्राचार्य रेणु गोयल ने भी बच्चों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि योग जीवन में काफी महत्व है। योग से शरीर की मांसपेशियों को अच्छी ताकत मिलती है। मन को शांत रखने में भी मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है। रात में अच्छी नींद देने के साथ भूख, पाचन को बढ़ाता है। योग करने के बाद बच्चों ने वादा किया कि वह रोज घर पर योग करेंगे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बच्चों को कहा कि मनुष्य जीवन में क्लेश, पीड़ा, चिंता, तनाव आदि को खत्म कर सम्पूर्ण स्वास्थ्य की प्राप्ति ही योग का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर वंशिका, लक्ष्मी, प्रिया, वंदना, जयन्तिका, रानी आदि मौजूद थी ।

### शिवाजी मैदान में पदाधिकारियों-कर्मचारियों ने किया सामूहिक रूप से योग

# योग को अपने जीवन में आत्मसात करें : उपायुक्त




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। उपायुक्त शशि रंजन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर योगाभ्यास कार्यक्रम उदघाटन किया। योग प्रशिक्षक पतंजलि योगपीठ के राजीव शरण ने सभी को इस वर्ष की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग के थीम पर सामान्य योग अभ्यास क्रम के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं के तहत मंगला चरण वंदन के साथ शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालान, घुटना, संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन सहित योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। साथ ही योगाभ्यास करने की विधि, उसके फायदे, योगाभ्यास के विभिन्न क्रियाओं को करते समय बरती जाने वाली सावधानिओं की जानकारी दी। प्राणायाम के विभिन्न क्रियाओं को कराते हुए प्रणायाम के दौरान शारीरिक स्थिति, प्राणायाम के अभ्यास विधि,लाभ व सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने जिलेवासियों से योग को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग को अपने लाइफ स्टाइल में शामिल कर अपने स्वास्थ्य व मन को सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनका खुद का निजी अनुभव योग को लेकर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास के कारण ब्लड प्रेशर सामान्य है। उन्होंने सभी युवाओं व विभिन्न उम्र के लोगों से योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मौके पर सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, जिला आपुर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, मेदिनीनगर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा. असीम कुमार सहित जिले के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर योगाभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व को जाना व योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन में जिला आयुष विभाग का अहम योगदान रहा।

**उपायुक्त ने कहा कि उनका खुद का निजी अनुभव योग को लेकर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास के कारण ब्लड प्रेशर सामान्य है। उन्होंने सभी युवाओं व विभिन्न उम्र के लोगों से योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।**

### योग स्वस्थ रहने की प्राचीन तकनीकः अरुणा शंकर




**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गांधी उद्यान में प्रथम महापैर अरूणा शंकर के सौजन्य से श्री राम योग समिति द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में काफी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिंहा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को श्री राम योग समिति के संरक्षक अमिताभ मिश्रा द्वारा व्यवस्थित किया गया था। प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने दैनिक योग करने से शरीर में सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। प्रथम महापौर ने कहा कि योग एक स्वस्थ रहने की प्राचीन तकनीक है। इससे ऋषि, मुनियों, संतों ने 100 वर्षों से ज्यादा जीवित रहते थे। आज भी जो लोग अपने दिनचर्या में योग्य शामिल किए हैं, वह ज्यादा स्वस्थ होने के साथ उनकी आयु ज्यादा देखी जाती। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने योग को विश्व पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है। योग दिवस सिर्फ भारत देश में ही नहीं विदेशो में भी मनाया जा रहा है। योगाभ्यास कराते हुए योग गुरु अतुल कुमार ने कहा जो नित्य योग कर रहें वह कई बीमारियों को बिना दवा के मात देने में सफल हो रहें हैं। विशेष रूप से आमंत्रित सहज योग संस्थान मेदिनीनगर टीम के योग गुरु डा. रिचा सहाय, नीरू तुलस्यान ने महिलाओं के लिए योग के महत्व पर

# अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन का फूंका पुतला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभय वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला फूंका गया। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में एनसीसीएफ कंपनी का कार्यकाल एक साल पूर्व ही पूरा हो जाने के बाद एनसीसीएफ कंपनी से विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य करा रही है जो पूरी तरह से गलत है। ऐसी स्थिति में तीन दिन पूर्व से नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में एनसीसीएफ कंपनी कार्य करना बंद कर दिया है। विद्यार्थी असमंजस की स्थिति में है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 24 जून से परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी गई थी, परंतु अब तक एडमिट कार्ड भी जारी नहीं हो सका है। इससे विद्यार्थी काफी परेशान हैं। मौके पर राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन हो गया है। विश्वविद्यालय में समय न परीक्षा होता है और न परीक्षा परिणाम निकलता है। परीक्षा की तिथि घोषित हो जाने से छात्र असमंजस की स्थिति में हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन अधिकारियों को छात्रों के भविष्य से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका गया है। गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन अपने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाता है तो परिषद सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। मौके पर परिषद के सोशल मीडिया संयोजक राजन कश्यप, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा, अभिषेक तिवारी, अभय कुमार राहुल कुमार,कौशल मिश्रा, उत्कर्ष तिवारी, आशीष राज, रंजन यादव, राहुल कुमार चेरो आदि उपस्थित थे।

### अग्रवाल क्लब ने योग दिवस पर खाने पीने का सामान वितरण किया

**मेदिनीनगर।** अग्रवाल क्लब ने 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कताओं के बीच छाछ, लस्सी, बिस्कुट टॉफी व शीतल जल का वितरण किया। कार्यक्रम को सरल व सफल बनाने में नौरनलिया अग्रवाल महिला मोर्चा व अग्रवाल क्लब के सारे सदस्यों ने सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मेंअध्यक्ष महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, महासचिव नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल व संजय अग्रवाल, सचिव अनूप अग्रवाल व अक्षय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व पवन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी देबू, अग्रवाल क्लब के संरक्षक जवाहर प्रसाद अग्रवाल (बिजली घर), जवाहर प्रसाद अग्रवाल, अजय अग्रवाल सहित विभिन्न सदस्यों ने इस कार्य को सफल बनाने में सहयोग किया।

### पानी यात्रा का 10वां दिन, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# पानी को लेकर लोगों में आक्रोश : आशीष भारद्वाज



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा के दसवें दिन युवा समाज सेवी आशीष भारद्वाज ने निगम क्षेत्र के बैरिया, मध्य सुदना, टीवी टावर एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया। पानी यात्रा टीम द्वारा संकलित समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के आयुक्त से मुलाकात कर अपनी मांग पत्र को रखा। पानी यात्रा के दौरान युवाओं ने आम जनमानस से भी जल संरक्षण, पैधारोपण के लिए नगरवासियों को प्रेरित किया। आशीष भारद्वाज ने कहा कि जब पानी यात्रा शुरू किया था तब कल्पना भी नहीं किया था किशहर में पेयजल की इतनी भीषण समस्या होगी। पानी को लेकर लोग आक्रोश में है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा सरकारी टैंकर द्वारा पानी वितरण किया जा रहा है। उसमें भी अनियमितता की बात सामने आ रही है। उन्होंने टैंकरों की संख्या में वृद्धि करने, वर्तमान लचर पानी सप्लाई को ठीक करने, सेकंड फेज पाईपलाइन की स्थिति व कोयल पर बराज, बियर बनाकर पानी को रोकने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पहले से टैंकरों द्वारा 234 ट्रिप पानी वितरण किया जा रहा था पर लोगों की मांग पर वितरण ट्रिप और टैंकरों की संख्या में वृद्धि करवाएं है। पानी वितरण में हो रहे अनियमितता पर औचक निरीक्षण करने की बात कही। मौके पर साहेबजी नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, मुन्ना दुबे, सोनू पांडेय, अंकित आरंभ शुक्ला, राजन पंडित, छोटू लाला, आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, रौशन पाठक, रिशु दुबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# सरकार की नजरों में घोषणा पत्र का महत्व नहीं: अविनाश वर्मा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड कैबिनेट में लिए गए 33 फैसलों में से जातिगत जनगणना एवं जनप्रतिनिधियों के वेतन वृद्धि पर आश्चर्य प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय झामुमो-कांग्रेस के लोग गरीबों के हितों की बात करते थे, मगर स्वहित के आते गरीब और गरीबी के मुद्दे समाप्त हो गए। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने इस वेतन वृद्धि पर सवाल उठाते हुए अपनी पार्टी का पक्ष रखा, जबकि इस राज्य की तमाम राजनीतिक पार्टियों और उनके जनप्रतिनिधि आंख बंद कर वेतन वृद्धि का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि 29 दिसंबर 2019 को हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हुए कहा था कि झारखंड का खजाना खाली है। काम कैसे करें, जबकि अपने लुभाने वादों को पूरा न कर पाने की स्थिति में 2 वर्षों तक झारखंड की जनता को खजाने के नाम पर ठगने का काम किया। तीन दिसंबर 2021 को सभी मंत्रियों के लिए करोड़ों रुपए से गाड़ी लेने के प्रस्ताव पारित किया गया। आज 40 से 50 प्रतिशत तक वेतन की वृद्धि का प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि खजाना तो खाली था फिर यह खर्चे? कहा कि आज तक राज्य सरकार अपने घोषणा पत्र का एक वायदा भी पूरा नहीं कर सकी।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : डॉ. जीएन खान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल शुक्रवार को में 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूम-धाम से मनाया गया। इसकी तैयारी कई दिनों से चल रही थी। योग दिवस के एक दिन पूर्व गुरुवार को पूर्वाभ्यास भी किया गया। प्रातः डीएवी की परंपरा अनुसार प्रार्थना और वेद मंत्रोंचार के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी छात्रों ने डीएवी गान गाया व योग कार्यक्रम शुरू किया गया । खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा,अरविंद कुमार ने योग कर बच्चों को योग करना सिखाया। सभी छात्रों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मुंडकासन, पवन मुक्त आसन,भुजंगासन, पद्मासन एवं शवासन का अभ्यास किया। प्राणायाम के अंतर्गत भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं शीतली प्राणायाम किया गया। तीन बार ओम जाप एवं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डा. जीएन खान ने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है। महर्षि पतंजलि की प्रेरणा से प्राप्त इस धरोहर को हमें आगे ले जाना है। योग का लाभ एवं महत्व यह है कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास के बावजूद पूरी दुनिया ने इसे अपनाया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। योग के गूढ़ रहस्यों को पहचान कर आज संपूर्ण विश्व इसे अपना रहा है। इसी को बताने के लिए संपूर्ण विश्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इससे विश्व क्षितिज पर भारत एवं भारतवासियों का मान सम्मान बढ़ा है।

## अपराध

### चैनपुर में बढ़ा अपराध ग्राफ, 10 दिन में दो हत्या

# विवेक हत्याकांड के सभी अरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना में क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। अपराधी खुलेमान हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो जा रहे हैं। 10 दिनों के अंदर दो हत्या होने से क्षेत्र में सनसनी है। बता दें कि आठ जून को चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ में लक्की चंद्रवंशी का शव बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसंधान के क्रम में हत्या में चार लोगों के शामिल होने की बात सामने आयी थी। पुलिस ने हत्या के ही चार दिन बाद 12 जून को चार आरापियों में दो रोहित कुमार, पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। लक्की चंद्रवंशी का हत्या किन कारणों से किया गया, यह आज भी खुलासा नहीं हो पाया है। लक्की चंद्रवंशी हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि 18 जून की रात कंकारी में विवेक कमलापुरी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर आराम से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस का हाथ अभी तक खाली है। अपराधी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। विवेक के हत्या में पैसों की लेन देन की बात सामने आ रही है। विवेक की मां ने चैनपुर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराई है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि दोनों हत्याकांड में आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार करने का प्रयास तेज कर दिया गया है। लक्की हत्याकांड के शेष दो आरोपियों के गिरफ्तारी जल्द ही कर लिया जाएगा। विवेक हत्याकांड के आरोपियों का पहचान करने का प्रयास पुलिस कर रही है। शीघ्र ही अपराधी पुलिस की पकड़ में होंगे।

**लक्की चंद्रवंशी हत्याकांड में दो गिरफ्तार, दो फरार**




**'दो हत्या की घटना के बाद पुलिस के हाथ सिर्फ दो अरोपी लगे। क्षेत्र में अपराधी की बढ़ती घटना से लोग भयभीत। दोनों हत्या के मूल कारणों का पता लगाने में चैनपुर पुलिस अभी तक विफल रही।'**

## न्यूज बॉक्स

### एनपीयू में योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**मेदनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त सह नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति बाल किशन मुंडा के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन में शुक्रवार की सुबह योगाभ्यास किया। योग कार्यक्रम प्रातः 6:30 से शुरू होकर 7:15 तक चला। योग प्रशिक्षका ममता सिन्हा, राजलक्ष्मी तिवारी, अस्मिता तिर्की ने विश्वविद्यालय कर्मियों को योग की विभिन्न मुद्राओं आसनों से अवगत कराया। उन्होंने योग को स्वयं करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. अंबालिका प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में कुल सचिव डा. मृत्युंजय कुमार, कुलानुशासक डा. केसी झा, वित्त पदाधिकारी डा. आरके झा, सीसीडीसी डा. एके पांडेय, जीएलए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर आईजे खलको, श्रवण कुमार, डा. दिलीप कुमार, डा. जब्बार अहमद खान, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्ष अध्यक्ष के साथ प्रोफेसर, वेद प्रकाश शुक्ला, राजीव मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा एवं कर्मचारियों ने त्रिकोणासन, हलासन भुजंगासन,अर्ध चक्रासन पवनमुक्तासन, वृक्षासन,भ्रामरी, अनुलोम विलोम सहित कई योग आसन व मुद्राओं का अभ्यास किया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल चेराबार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के पीटी एवं योगा के शिक्षक आलोक कुमार सोनी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम करवाया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार, कपालभाति सहित कई अन्य योगासन किए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेक त्रिपाठी ने उपस्थित विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। इससे जहां बीमारियां नहीं होती हैं, वहीं व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। योग मन और शरीर में सामंजस्य स्थापित करता है, विचार को क्रिया के साथ जोड़ता है, तथा अनुशासन को व्यक्तिगत पूर्णता के साथ जोड़ता है। शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और आत्मिक पहलुओं को एकीकृत करके, योग स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र मार्ग प्रदान करता है, जो हमारे तेज-रफ्तार जीवन में शांति का एक अत्यंत आवश्यक स्त्रोत है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

### योग से शारीरिक और मानसिक सबलता प्राप्त होता हैं: डॉ. पांडेय

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. एस के पांडेय ने कहा योग शरीर और मन दोनो को स्वस्थ रखता है और योग ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे अपनाया गया है। मौके पर ट्रेनर के रूप में अनुप वर्मा के निर्देशन में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एके वैद्य ने कहा की प्रति दिन प्रातः एक घंटे योग और व्यायाम करने से कई शारीरिक और बिमारियों से मुक्ति मिलती है इसे सभी को आदत बना लेनी चाहिए। मौके पर एनएसएस समन्वयक प्रो जयप्रकाश राम, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ किरण कुमारी, डॉ मसरुर अहमद, प्रधान सहायक संतोष कुमार दुबे, मुजफ्फर आलम, कमलेश कुमार पाण्डेय, प्रकाश राय, सुमित,रोहन,समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



**'शिवाजी मैदान में आयोजित योग शिविर में आज राष्ट्रीय नवीन मेल की खूब चर्चा रही। योग पर पठनीय लेख की लोगों ने सराहना की। शिक्षाविद् अविनाश देव ने कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल का आज का अंक काफी प्रभावकारी है। इसमें योग से जुड़ी कई नई जानकारियां हैं।'**

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### बृज कुमार बने गढ़वा थाना प्रभारी दिया योगदान



**गढ़वा।** शहर अंचल में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थापित बृज कुमार को शहर थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। 94 बैच के बृज कुमार द्वारा जमशेदपुर से पुलिस सेवा की शुरूआत की गई। शुरू से काम करने में दक्ष होने एवं जिम्मेवारी को बखूबी निभाने में निपुण बृज कुमार अपने वरीय अधिकारी के गुड बुक में रहे। जिसका आलम हुआ की उन्हें उन उन जगहों पर भेजा गया जहां काम करना जटिल था।

### प्रत्येक व्यक्ति दो पेड़ लगाएं : कार्यपालक पदाधिकारी

**मझिआंव।** विश्व पर्यावरण पखवाड़ा दिवस के अवसर पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने विवाह मंडप परिसर में फलदार पौधा का रोपण किया.इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशानुसार 06 जुन से 22 जुन तक विश्व पर्यावरण पखवाड़ा दिवस मनाया जाना है.जिसके अनुपालन में शुक्रवार को विवाह मंडप परिसर में फलदार पौधा लगाकर शुरूआत किया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि तपती धरती और गिरते जलस्तर को सामान्य तौरपर बरकरार रखने के लिए पेड़ पौधों को लगाना अति आवश्यक है।

### मनरेगा लाभुकों के लिए परेशानी का सबक बने प्रभारी बीपीओ

**डंडाई।** प्रखंड के मनरेगा लाभुकों के लिए प्रभारी बीपीओ देवेन्द्र विश्वकर्मा एक परेशानी का सब बन गए हैं। उन्हें कार्यालय नहीं आने से लाभुकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डिमांड पर दस्त और योजनाओं की ऑन गोइंग के साथ-साथ अन्य तरह के मनरेगा से जुड़ा कार्य उनके अनुपस्थिति के कारण नहीं हो पा रहा है। पिछले महीना दिन से लाभुकों को उनके कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ा रहा है। शुक्रवार को अपने-अपने कार्यों को लेकर उनके कार्यालय पर पहुंचे लाभुकों ने उनके कार्यालय में ताला लटका देख खूब हो हंगामा किया। साथ ही प्रखंड के लिए उनके द्वारा नए बीपीओ की मांग भी कर दी गई। बीपीओ के कार्यालय पहुंचे खुर्शीद अंसारी, बाल विनोद यादव ,मुद्रिका चौधरी, रामचंद्र चौधरी, रामकिशन प्रजापति इत्यादि लाभुकों ने कहा कि हम सभी जब-जब उनके कार्यालय आए हैं तब तक उनसे हम सभी की न तो मुलाकात हो पाई है और न ही हम लोगों का काम ही हो पाया है।

### अवैध अतिक्रमण के खिलाफ गढ़वा नगर परिषद सख्त

**गढ़वा।** शहर के रंका रोड मैन रोड मे अवैध रूप से दुकान बनाकर अतिक्रमण किए हुए लोगों पर नगर परिषद की ओर से बड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए नगर परिषद के निर्देश पर मापी के बाद अवैध अतिक्रमण किए हुए लोगों को एलाउंस के माध्यम से हटाने का निर्देश जारी किया है। नही हटाने के बाद शुक्रवार को नगर परिषद् के लोगो के द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

## 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# उपायुक्त समेत स्कूली बच्चे एवं स्थानीय नागरिकों ने किया योग

**संवाददाता। गढ़वा**

10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में मौके पर जिला आयुष समिति गढ़वा एवं जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के संयुक्त तत्वधान में टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में जिला स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने भाग लेकर जिलावासियों, पदाधिकारी/कर्मियों, स्कूली बच्चों, समाज सेवियों, पुलिस के जवानों समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों योग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, पतंजलि योगपीठ प्रतिनिधिगण, आयुष समिति के प्रतिनिधियों समेत मंच पर उपस्थित गणमान्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग गुरु सत्यनारायण दुबे, अंजलि सास्वत, चंचला सिंह द्वारा सभी को योग के फायदे बताते हुए उन्हें विभिन्न योगासन कराया गया। इनमें मुख्य रूप से अलोम विलोम, भद्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति समेत अन्य योगासन कराते हुए इनके फायदे बताए गए। पूरे योगासन के दौरान लोगों में भी योग के प्रति रुचि दिखी। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं एवं स्वास्थ्य शरीर के लिए योग की भूमिका अहम बताया।

### 10+2 मिलिनियम पब्लिक स्कूल में योगाभ्यास का आयोजन किया गया



**श्री बंशीधर नगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीबीएसई से मान्यता प्राप्त 10+2 मिलिनियम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की सुबह योगाभ्यास का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार सामूहिक कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यालय के योग गुरु नागेंद्र सिंह ने योगाभ्यास के अनमोल वरदान के रूप में अनुलोम, विलोम भ्रामरी, प्राणयाम, ताड़ासन, वृक्षासन त्रिकोणासन, एवं सूर्य नमस्कार सहित अन्य क्रियाओ के विधिवत जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। जिन्हें अपने जीवन में अपना कर स्वस्थ एवं रोग मुक्त हो सकते हैं। विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही ने कहा कि योग हमारे जीवन का एक भाग है जिन्हें अपना कर आधुनिक युग में तनाव मुक्त एवं स्वस्थ रह सकते हैं हम सभी को प्रतिदिन प्रात काल में दिनचर्या में होना चाहिए। मौके पर असगर अली, मनोज कुमार, ऋषिकांत प्रसाद,अभिजीत गुप्ता, धीरेश गुप्ता, संजय चौधरी,रोहित राय,शोभित शर्मा,राजकुमार,ओम प्रकाश,जय प्रकाश,कृति पूर्णिमा सहित अन्य लोग नाम शामिल है।

## प्रखंड कार्यालय सहित कई जगहों पर हुआ योग शिविर का आयोजन



**संवाददाता। चिनिया**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिनीयां प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड कार्यालय परिसर एवं प्रखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों में योग दिवस मनाया गया इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में नवनियुक्त अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया। प्रशिक्षक पवन कुमार ने बताया कि प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है इसे प्रतिदिन अपने जीवन के बहुमूल्य समय निकालकर योग में थोड़ा सा ही समय देना चाहिए जिससे बहुत सारे रोगों से व्यक्ति दूर रह सकता है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश गुप्ता ने कहा की योग जीवन की मौलिक आवश्यकता है यह सिर्फ शरीर ही नहीं बल्कि मानव जीवन के व्यावहारिकता के संपूर्णता को समिति है मानसिक उथल-पुथल जैसे विषम स्थिति में भी योग शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने लोगों को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी निवेदन किया व स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की भूमिका निभाने के लिए विश्व के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व के लिए भी आह्वान किए गए। वहीं प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिलैतीखैर, राजकीय उतक्रमित मध्य विद्यालय चिरका, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तहले, उच्च विद्यालय रणपुरा, उच्च विद्यालय डोल उच्च विद्यालय चपकली राउमवि छतैलिया, सहित प्रखंड के सभी विद्यालयों में योग कराए गए। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों को अनुलोम, विलोम, ताड़ासन, पद्मासन, शीर्षासन, कपालभाति, प्राणायाम, सहित योग के कई आसनों को बच्चों के बीच बताया गया।

# ससुराल में फांसी से लटका मिला दामाद

## परिजनों नें लगाया हत्या का आरोप



**संवाददाता। रमना**

शुक्रवार को सुबह सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला में गत दिन आये मेहमान (दामाद) का शव मिलने से ग्रामीणों में शंशय और भय का माहौल है। इस घटना में मृतक के परिजनों नें आत्महत्या करने की बात को मानने से साफ इनकार कर दिया है,उनका कहना है की यह साजिस है हमारे पुत्र को मार कर आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है, इतना ही नही मृतक के गाँव से आये परिजनों नें रिस्तेदारो के अलावे इस क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों पर भी हत्या को आत्महत्या सावित करने का आरोप लगाया। इस प्रकार से ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाने से मामला गरमा गया जिससे दोनों तरफ से बाद-विवाद होने लगा मामला बढ़ते देख लोगो को समझाने से शांत हुआ। ग्रामीणों के अनुसार वीरेंद्र कुमार अकेला उम्र 40 वर्ष पिता रामनाथ राम ग्राम जड़गड़ अन्नराज नवाडीह थाना गढ़वा का शादी सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला के मानदेव राम की पुत्री से 14-15 वर्ष पूर्व हुयी थी,इनकी शादी शुदा जिंदगी खुशहाल चल रही थी और इनके तीन बच्चे भी है,सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था अभी गत दिन पहले ही दोनों पति पत्नी जड़गड अपने घर से गड़ई ससुराल आये थे, दो तीन दिनों तक सब थीक था, गुरुवार को सभी लोग खा पीकर मृतक के पत्नी-सास छत पर, साला सरहजन बगल के कमरे में और मृतक निचे घर में ही सोये थे, कि शुक्रवार को भोर में फाँसी लगा कर वीरेंद्र कुमार नें आत्महत्या कर लिया इसकी भनक घरवालों को सुबह जगने पर लगा, इस प्रकार की घटना देख घर की महिलाये रोने-विलखने लगी। रोने कि अवाज सुनकर अगल-बगल के लोग पहुंचे, इसके बाद इसकी सुचना अपने परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजनों नें इस घटना कि सुचना पुलिस को दिया, सुचना पाकर रमना थाना अनी ऋषिकेश कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे, पुलिस को पहुंचने से पहले ही मृतक के शव को तार के बने फन्दे से अगल-बगल के ग्रामीणों द्वारा निचे उतार कर दूसरे कमरे में लेटा दिया था। पंचनामा तैयार कर पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए चौकीदार लालता राम के मार्ग अभिरक्षा में निजी टेम्पू द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। इस घटना के सम्बन्ध में अनी सिंह नें मृतक के परिजनों को आश्वास्त किये कि मृतक कि हत्या हुयी है या आत्महत्या यह मेडिकल जाँच होने के बाद ही पता चलेगा, यदी मृतक कि हत्या हुयी होगी तो दोषी बचेंगे नही। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाकआलम बताये कि मृतक के परिवार नें आवेदन दिया है, केश कर अनुसंधान कि जा रही है।

### योग जीवन की मौलिक आवश्यकता हैं : मनोज त्रिपाठी




**श्री बंशीधर नगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पतजंलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी न्यायाधीश मंनोज कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर सामान्य योग अभ्यास प्रोटोकाल के तहत कराया गया शिविर का शुभारंभ प्रभारी न्यायाधीश की उपस्थिति में वंदेमातरम गीत से किया गया.शिविर को संबोधित करते हुये प्रभारी न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि योग जीवन की मौलिक आवश्यकता है यह सिर्फ शरीर ही नही ,अपितु मानव जीवन के व्यवहारिकता के सम्पूर्णता को समेटती है मानसिक उथल पुथल और अनिर्णय जैसे विषम स्थिति में शक्ति प्रदान करता है उन्होंने लोगो से योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की भूमिका निभाने के लिए विश्व के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व हो इसका भी आह्वाहन किया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर की रही धूम



**खरौंधी (गढ़वा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों एवं कई स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ महर्षि पतंजलि के तस्वीर के समक्ष दीप जला व पुष्प अर्पित कर किया गया। मध्य विद्यालय अरंगी के प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने कहा कि योग कर हम सब निरोग रह सकते हैं। छात्र-छात्राएं अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल कर स्वस्थ व खुशहाल जीवन व्यतीत करें। संपूर्ण देश आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग से हमें विभिन्न रोगों से छुटकारा मिलता है तथा शरीर स्वस्थ रहता है। मध्य विद्यालय माझिगावां में शिक्षक सह योग प्रशिक्षक राजीव कुमार के द्वारा सूर्य नमस्कार, कपालभांति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं अन्य विद्यालयों में योग प्रशिक्षक के द्वारा वज्रासन, मंडूकासन, अर्ध कटिचक्रासन, त्रिकोणासन सहित विभिन्न तरह के आसन का प्रशिक्षण दिया साथ ही योग और आसन से होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई।

## जमीन मामले में सुरजी कुंवर अपने पूरे परिवार के साथ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी



**संवाददाता। चिनिया**

चिनियां थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव निवासी सुरजी कुंवर अपने जमीन मामले को लेकर चिनिया अंचल कार्यालय पर अनिश्चितकालीन अपने बाल बच्चे पूरे परिवार के साथ धरना पर बैठ गई है। इसकी जानकारी लिखित आवेदन देकर उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी रंका को भी दी है तथा अंचल कार्यालय को भी दी है मामले में उन्होंने बताया कि मौजा रनपुरा का खाता 98 प्लॉट 906 रकबा 38 डिसिमल एवं नया खाता 43 प्लॉट संख्या 469 रकबा 21 डिसमिल भूमि जोखू साव एवं झरि साव महेंद्र साव द्वारा हड़पने का आरोप लगाया है इस मामले में चिनिया अंचल पदाधिकारी से टेलिफोनिक बात करना चाहा लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया, मामले में अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता पर सुरजी देवी की पुत्र अनिल साव ने कहां की अंचल निरीक्षक द्वारा हमसे 30.000 की मांग की गई थी, परंतु हम नहीं दे सके उन्होंने कहा था कि इतना पैसा दोगे तो हम तेरे पक्ष में काम कर देंगे मामले में पूछे जाने पर अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि यह आरोप निराधार है।

### केतार थाना में नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**केतार।** केतार थाना में शुक्रवार को नये थाना प्रभारी के रूप में अरूण कुमार रवानी ने अपना योगदान दिया। इसके पुर्व में वे मेराल थाना में पदस्थापित थे। योगदान के पश्चात नये थाना प्रभारी ने मीडिया कर्मियों को बताया की क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना, थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करना और अपराध पर रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दुरी को कम करना है।

### जिलाध्यक्षा नें किया साइकिल वितरण

**रमना।** जिलाध्यक्षा शांति देवी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी वासुदेव राय कि उपस्थिति में कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल का वितरण आठवीं पास विद्यार्थियों को कल्याण विभाग रमना प्रखंड परिसर में किया गया जिसमें मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 के कुल 43 विद्यार्थियों और मध्य विद्यालय टंडवा के 59 विधार्थियो दो विद्यालयों के कुल 102 विद्यार्थियों के बिच निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस सम्बन्ध में जिलाध्यक्षा महोदया शांति देवी नें कहा कि जो छात्र-छात्राएं आठवी वर्ग उत्तीर्ण कर नवी वर्ग में गये है उन छात्रों को अपने घर से विद्यालय आने जाने में सुविधा हो, जिससे उनके पठन-पाठन में कोई समस्या ना हो सरकार नें इसी को देखते हुए निःशुल्क साइकिल वितरण कर रही ताकी कोई भी गरीब मजदूर का बच्चा आवागमन के सुविधा के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। आवागमन के अभाव में बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रहा जाते थे, क्योंकि उच्च विद्यालय कि सुविधा सभी पंचायतो में नही है और जिन बच्चों के घर से उच्च विद्यालय कि दुरी ज्यादा है वो यातायात साधन के अभाव में विद्यालय नही जा पाते थे, इस योजना के कारण अब कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही रहेगा।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (खेल शाखा)

Phone no-06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची –सह– कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, रांची के आदेश ज्ञापांक 15 दिनांक 08.06.2024 के द्वारा राज्य में विभागान्तर्गत स्वीकृत नये आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु सत्र 2024–25 के लिए 08 से 14 आयु वर्ग के प्रशिक्षुओं के चयन हेतु निम्नांकित विवरणी के अनुसार चयन ट्रायल किया जा रहा है, जिसका व्यापक प्रचार प्रसार आवश्यक है। चयन ट्रायल के आयोजन से संबंधित विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | प्रमण्डल का नाम | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभाग चयन ट्रायल की आयोजन की तिथि | समय | आयु वर्ग | खेल विधा का नाम, जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू प्रमण्डल | जी0एल0ए0 कॉलेज स्टेडियम, मेदिनीनगर, पलामू | 25.06.2024 एवं 26.06.2024 | प्रातः 06:30 बजे | 08 वर्ष से 14 वर्ष के बीच | फुटबॉल (बालक) एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका) हॉकी (बालक) |

नोट :– प्रतिभागियों को निम्नांकित कागजात लेकर आना आवश्यक है।

1. जन्मप्रमाण पत्र की छायाप्रति
2. आधार कार्ड की छायाप्रति
3. पासपोर्ट साईज फोटो 01 पीस

जिला खेल पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.327196 District(24-25):D


## समस्या

### नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ा, लोग परेशान

# ग्रामीणों को अपने घरों में आने-जाने में परेशानी



**संवाददाता। केतार**

केतार- कांडी कोल रोड के मरम्मत कार्य और नाली निर्माण में घोर लापरवाही एवं अनिमीयता बरती जा रही है। शुक्रवार को मुखिया मुंगा साह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने इसका विरोध किया है। संवेदक के द्वारा मुकुंदपुर गांव में सड़क किनारे नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। वहीं कही- कहीं नाली का निर्माण पुरा कर उसे ढ़का नही गया। जिससे ग्रामीणों को अपने घरों में आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण पटरा डालकर इस तरफ से उस तरफ पार करने को विवश हैं। मुखिया मुंगा साह और ग्रामीणों ने बताया की संवेदक द्वारा मनमानी करते हुए नाली निर्माण कार्य गुणवतापूर्ण नही कराया गया है।किसी तरह नाली ढलाई तो कर दिया गया पर पटवन भी नही किया गया। जिससे नाली कभी भी भरभरा कर गिर सकता है।वही मुकुंदपुर में रामेश्वर चंद्रवंशी के घर के पास लगभग 100 फीट नाली निर्माण के लिए गड्ढा एक माह पहले खोदी गई परंतु अभी तक कार्य अधुरी है। राहगीरों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। कई बाईक सवार अनियंत्रित होकर गढ्ढे में गीर जा रहे है। संवेदक के इस रवैए से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने उपायुक्त से खोदी गई नाली को शीघ्र निर्माण करवाने की मांग किया है। मुखिया ने कहा की नाली निर्माण जल्द गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ धारना पर बैठेंगे। इस मौके पर वार्ड सदस्य नंदकिशोर प्रसाद,संतोष प्रसाद, रामचंद्र चंद्रवंशी, रामेश्वर चंद्रवंशी, प्रमोद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रभारी एमओ ने की जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक

**डंडाई।** सीओ सह एमओ यसवंत नायक ने शुक्रवार को प्रखंड भर के जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक किया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक के दौरान वितरण व्यवस्था में हो रहे गड़बड़ी को लेकर उन्होंने दुकानदारों को खूब हड़काया। साथ ही मामले में सुधार नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की सख्त चेतावनी भी दे डाला। खाद्यान्न कटौती के खिलाफ समाचार पत्रों के माध्यम मिल रहे शिकायतों की जानकारी देते हुए सीओ ने कहा कि यह बिल्कुल रूप से गैर कानूनी है।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2024 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज हाट | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 01-07-2024 | 01:00 AM बजे से | 240500.00 | 24050.00 |
| 2 | मनातू हाट | मनातू | 01-07-2024 | | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 29.06.2024 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि कैश/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 327256 District(24-25).D

## एक नजर

### वज्रपात से अलग-अलग जगहों पर दो मवेशी की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखि पंचायत के डढ़ूआ गांव निवासी भेखलाल गिरी पिता स्वर्गीय किशुन गिरी के एक मवेशी का मौत वज्रपात से शुक्रवार को हो गई। बताया जाता है कि मवेशी घर के समीप आम के पेड़ के पास बंधा हुआ था। इसी क्रम में बारिश के साथ बज्रपात हुआ जिससे मवेशी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं दूसरी ओर पहरा पंचायत गांव निवासी चंद्रदेव पांडेय की दुधारू गाय की मौत वज्रपात से हो गई। बताया जाता है कि गाय घर के पास चर रही थी। इसी क्रम में बारिश के साथ हुए वज्रपात के चपेट में आने से गाय की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया बेबी देवी व मुकेश कुमार साव घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लिया।

### वज्रपात से युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** शुक्रवार की दोपहर मानसून की पहली बरसात के साथ हुई वज्रपात में 12 वर्षीय युवक रवि कुमार पिता तिलक भुइयां घायल हो गया है। घायल युवक बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सलैया पंचायत का रहने वाला है। जिसका बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अलीशा टोप्पो और डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि युवक आम चुनने गया था। उसी दौरान तेज बरसात होने लगी युवक बरसात से छुपने के लिए पेड़ के नीचे छुप गया। उसी दौरान हुई बज्रपात में घायल हो गया। घायल के बाद परिजन और ग्रामीणों ने आनन फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां प्राथमिक उपचार की गई। मरीज की स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

### पेंशन के लिए बुजुर्ग बैंक व कार्यालय का लगा रहें चक्कर

**कुंदा(चतरा)।** सरकार एक और पेंशन राशि के माध्यम से विधवा, बुजुर्ग व असहाय वर्गों को मदद करने का दावा कर रही है। लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही दिख रही है। वृद्धों को हर माह पेंशन दिए जाने के सरकारी दावे महज घोषणा बनी हुई है और पेंशनधारी पेंशन के लिए भटक रहे हैं। असहाय व बुजुर्गों को बीते चार माह से पेंशन राशी का भुगतान नदारत है। ऐसे में पेंशनधारियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पेंशन को लेकर पेंशनधारी बैंक व कार्यालय का चक्कर लगा रहें हैं। 76 वर्षीय मेदवाडीह गांव निवासी नवकी देवी ने बताया की उम्र के अंतिम पड़ाव में बार-बार धूप में भटकना पड़ रहा है। वहीं परिवार का भी कोई सहारा नहीं मिल पाने के कारण पेट भरना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने बताया की राज्य से राशि आवंटन होने में विलंब होने के कारण पेंशन का भुकतान नही हो पा रहा है।

### लातेहार में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन

# योग दिवस पर हमें नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए : डीडीसी

**एजेंसी। लातेहार**

10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर में योग दिवस मनाया गया। स्कूलों, स्टेडियम और गांवों में मिनी स्टेडियम में प्रातः काल से ही योग के लिए लोग पहुंचने लगे। इसी क्रम में लातेहार जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला खेल स्टेडियम में योग शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल लोगों को योग के विभिन्न आसनों, क्रियाओं व प्राणायामों के बारे में जानकारी देना और योगाभ्यास कराना है बल्कि इसे अधिक से अधिक घरों तक नियमित दिनचर्या के रुप में पहुंचाना भी है। हमें इस योग दिवस पर नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए। मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से योग करना आवश्यक है। योग शिविर में योगासनों जैसे - कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन त्रिकोणासन, प्रानोध्यान सहित कई अन्य योग का अभ्यास कराया गया। योग शिविर में बैठकर, पेट एवं पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले भी कई योगाभ्यास को कराया तथा उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।इस योग शिविर में जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में प्रशिक्षु छात्र- छात्राओं, एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।



### बनवारी साहु महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन

**लातेहार।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर 21 जून 2024 दिन शुक्रवार को बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार में योग शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेश कुमार पाण्डेय के द्वारा सभी को योगा करवाया गया। इसकी जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदिप कुमार तिवारी ने कहा कि इंसान की जिंदगी में बहुत समस्याएं हैं, भाग दौड़ की जिंदगी में समय निकालकर सभी लोगों को नियमित रूप से योगा करने की जरूरत है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में यह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस निमित्त सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संधि योग विभिन्न प्रकार के आसन प्राणायाम सूर्य नमस्कार मंत्र सहित कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के योग प्रमुख धर्म प्रकाश प्रसाद योग पर अपने विचारों को रखा। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि रोजाना योग का अभ्यास करना स्वयं को स्वस्थ रखने के समान है।

### जंगलवारफेयर स्कूल नेतरहाट में मनाया गया योग दिवस



**नेतरहाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जंगलवारफेयर स्कूल नेतरहाट में धनंजय कुमार सिंह भापुसे पुलिस उप महानिरीक्षक सह्न प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल नेतरहाट के नेतृत्व में परेड ग्राउंड में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योगा कार्यक्रम में जंगलवारफेयर स्कूल के कृष्ण कुमार महतो पुलिस उपाधीक्षक,उमेश कुमार उरांव परिचारी प्रवर,योगा अनुदेशक आरक्षी 1020 दाव रिंची भाटिया पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, प्रशिक्षु समेत लगभग 800 से ज्यादा पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सभी को योग, व्यायाम, प्रायाणाम, आसन, सुर्य नमस्कार,अनिलोम - विलोम, भामरी प्रायाणाम, का अभ्यास कराया गया। मौके पर धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि योग से हमें अनेकों प्रकार के फायदे हैं।

# प्रखंड के विभिन्न स्थानों में हुआ योग शिविर का आयोजन

**संवाददाता। बरवाडीह**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न स्थानों में योग शिविर का आयोजन किया गया. प्रखंड मुख्यालय भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह नन्हू की अध्यक्षता रेलवे क्लब में योग शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें योग प्रशिक्षक मनीष सोनी द्वारा योगाभ्यास कराया गया. जिसमें पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, दीपक तिवारी, अस्फाक अहमद मुन्ना, अमृत राज सिंह, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, कन्हाई प्रसाद , मनोज प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, अमरेंद्र रजक, मनोज यादव, गौतम पांडेय, दीपक सिंह, दिलीप पासवान, पारस जायसवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूपाली देवी, उपाध्यक्ष रेखा पाठक, रीना देवी,अशोक प्रसाद, अभिषेक कुमार सिंहआदि शामिल थे वही प्रखण्ड कार्यालय परिसर के प्रांगण में बी एच ओ डॉ प्रमोद कुमार एवं सुधीर प्रसाद द्वारा योग अभ्यास कराया गया। जिसमें बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, 20सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी,सीआई सुरेश राम प्रभारी खाद आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि, बीपीओ त्रिवेणी राम, विजय कुमार पप्पू,अरुण कुमार, रविकांत,समेत सभी प्रखंड कर्मी शमिल थे.



### निरंतर योग कर रहें निरोग : जिप उपाध्यक्ष

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ स्कूल व खुले मैदाने में दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस दौरान बालूमाथ सरस्वती शिशु मंदिर में भईया बहनों ने योग कर इसके लाभ के विषय में जाना वहीं बालूमाथ अस्पताल में डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने योग कर ग्रामीणों से निरंतर योग करने की सलाह दी। जीप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कार्यक्रम को संबोधन कर कहा कि निरंतर योग करना अति आवश्यक है लोग निरंतर योग करें तो स्वस्थ रहेंगे स्वच्छ निमित्त खानपान और निरंतर योग करने से शरीर को कोई बीमारी नहीं होती है।

### योग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित सरकारी गैर सरकारी विद्यालय संस्थानों व सभी राजनीती दलों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रखंड कार्यालय मे बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, भाजपा कार्यालय से मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव सहित अन्य राजनीतीक दल सरकारी गैर सरकारी विद्यालय व संस्थान के लोगों ने बारियातू स्थित स्टेडियम मे योगाभ्यास किया. साथ ही प्रखंड के सभी नौ पंचायत के सभी विद्यालय और संस्थान मे भी योग कराया गया. कई स्थानों मे योग जिला प्रभारी जीतेन्द्र कुमार सिंह जीवन ने मुख्य भूमिका निभाते दिखे. साथ ही अन्य स्थानों मे नियुक्त योग प्रभारी अपने संस्थानो मे योग कराया व योग से होने वाले फायदे के बारे मे भी बताया।

### अपर समाहर्ता ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार ने शुक्रवार को जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन, राशन समेत अन्य मामले लेकर आम लोग पहुंचे थे। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर मिलने आए आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

# कई संस्थानो में मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस, अधिकारियों व आम लोगों ने किया योग

**संवाददाता। गिद्धौर/कुंदा/प्रतापपुर/चतरा**

शुक्रवार को 10वां अंतराष्टीय योग दिवस जिला मुख्यालय के अलावे गिद्धौर, पत्थलगड़ा, प्रतापपुर, कुंदा, सिमरिया, इटखोरी प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर संरकारी संस्थानों मनाया गया। जिसमें आम से लेकर खास शामिल हुए और योग किया। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ राहुल देव, थाना में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डेन विंदु पोदार व विद्यालय में संबंधित प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व में योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया। इस दौरान योग करें, निरोग रहें के संकल्प लेकर योगाभ्यास किया। वहीं कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय में योगा मंडल प्रभारी लवकुश गुप्ता के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों समेत आम लोगों ने योगाभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया।



### मध्य विद्यालय डेमू के पुरानी भवन जर्जर बड़ी दुर्घटना की आशंका : गोपाल सिंह

**लातेहार।** सदर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डेमू में पिछले कई वर्षों से विद्यालय का एक भवन काफी जर्जर है। उपर का छज्जा नीचे गिर रहा है। जिस कारण कभी भी अध्यन्नरत स्कूली बच्चों के साथ बड़ी घटना होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।इसके अलावा जो भवन ठीक है,उसके भी दोनों कोने की छत की पलास्ट गिर रही है।जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।अगर समय रहते इस पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया तो निश्चित रूप से कभी न कभी बड़ी घटना दुर्घटना हो सकती है।इधर डेमू पंचायत के मुखिया पति सह बीस सूत्री सदस्य गोपाल सिंह ने स्कूल प्रांगण में कहा कि उक्त विद्यालय में 214 बच्चें पढ़ते हैं। इस विद्यालय में कई समस्याएं हैं।स्कूल का अपना रसोई घर भी काफी जर्जर है। बच्चों के लिए मध्यान्न भोजन अन्यत्र बनाया जाता है।स्कूल के सामने एक भवन बहुत ही जीर्ण शीर्ण स्थिति मे है। जिस कारण इसके चपेट में पढ़ने वाले बच्चे कभी भी आ सकते हैं।


## कार्यालय- उपायुक्त, पलामू (झारखण्ड शिक्षा परियोजना)

### आम सूचना

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू द्वारा प्रखण्ड छतरपुर के 302 एवं नौडिहा बाजार के 210 सहायक अध्यापकों, जिनका चयन/अनुमोदनझारखण्ड शिक्षा परियोजना के नियमानुसार नहीं हुआ था। इन सहायक अध्यापकों के संबंध में पंचायत स्तरीय अनुशासनिक–सह–प्रशासनिक प्राधिकार द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध उपायुक्त, पलामू के समक्ष अपील दायर किया गया है। इस अपील के निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

उक्त समिति के समक्ष संबंधित सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) अपना–अपना पक्ष लिखित एवं मौखिक रूप से प्रत्येक कार्यालय अवधि में दिनांक 29.06.2024 तक अपर समाहर्त्ता, पलामू के कार्यालय में रख सकते है। इसके बाद आपका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अपर समाहर्त्ता, पलामू

PR 327254 District(24-25).D

## उपायुक्त–सह–दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला। (समाज कल्याण शाखा)

ईमेल –awc3.monitoring@gmail.com

### अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिले के वन स्टॉप सेन्टर, गुमला कार्यालय हेतु किराये पर व्यावसायिक वाहन रखा जाना है। उक्त निमित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला द्वारा किया जाएगा।

अतः इच्छुक फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक अपनी निविदा को आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला में दिनांक 29.06.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा विकास भवन सभागार में दिनांक 29.06.2024 को 3 बजे अपराह्न में खोला जाएगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला।

PR 327252 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)

## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू (जिला विकास शाखा)

Phone No. 06562-224077,224033 E-mail : ddc-pal@nic.in

### अतिअल्पकालीन निविदा

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–80/स्वी0, दिनांक–16.03.2023 के आलोक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (फेज–1) अन्तर्गत पलामू जिला के चयनित विभिन्न ग्रामों के लिए GFF (Gap Filling Fund) के तहत प्रशिक्षण से संबंधित स्वीकृत योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना है।

इस हेतु इच्छुक संस्थान/फर्म से अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता सीलबंद दो अलग–अलग लिफाफा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड संबंधित कागजात दिनांक–01.07.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को दिनांक–01.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा–सह–क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विशिष्टियों का अवलोकन पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in अथवा कार्यालय से किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, पलामू

PR 327245 District(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04RVI/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ दिनांक–21.06.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/ST PKG/ 06/23-24 | चैनपुर | 1 | सलतुआ से बहेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | 1262.214 | बारह करोड़ बासठ लाख एक्कीस हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ लादी पथ से पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ लादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | | 3 | रामगढ़ कुण्डपानी रोड से आदर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | | 4 | बेड़मा मेन रोड से मजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | | 5 | रामगढ़ (उलडण्डा) से कुन्डपानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | | 6 | चट्टीपार से देवी मंदिर होते हुए षिव मंदिर पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | | 7 | चोरहट से पंचायत भवन होते हुए रामगढ़ (कुण्डपानी) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | | 8 | चांदो से अलखडीहा होते हुए अवसाने तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | | 9 | झरीवा (बन्दुआ) से गरदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.07.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.327207 Rural Development(24-25):D


## अभियान

### 50 दिवसीय गुरु-शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# महिला शिल्पकार अपना भविष्य संवारें : वीर मरांडी

**संवाददाता। महुआडांड़**

वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के सौजन्य से शुक्रवार को झारक्राफ्ट परिसर में 50 दिवसीय गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हस्तशिल्प संवर्धन पदाधिकारी वीर भगत मरांडी मौजूद थे। मुख्य अतिथि का स्वागत झाराक्राफ्ट क्लस्टर मैनेजर मो सैफ के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मौके पर श्री मरांडी ने सभी महिला शिल्पकारों को संबोधित करते करते हुए कहा कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा संपोषित गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रखंड के तीस अनुसूचित जन जाति महिला शिल्पकार अपना भविष्य संवार सकते हैं। भारत सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना में से एक है जो देश के भी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती है। साथ ही उन्होने हस्तशिल्प के क्षेत्र में संचालित केंद्र की विभिन्न योजनाओं सहित कार्यशाला के उद्देश्य, क्राफ्ट बाजार, प्रदर्शनी, शिल्पी मेला, स्टॉल, और प्रशिक्षण उपरांत सरकार द्वारा मिलने वाले मुद्रा लोन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अंत में महिला शिल्पकारों से पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने हुनर में और बेहतर कर मार्केट में भी अपनी पहचान बनाए रखने की शुभकामना दी।



# लोहरदगा में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पतंजलि ने योग महोत्सव के रूप में मनाया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, युवा भारत एवं महिला पतंजलि योग समिति की ओर से योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। पतंजलि के योग शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों में भी बड़े ही धूमधाम एवं योग आयुर्वेद को अपनाने के लिए व्यापक तरीके से दैनिक दिनचर्या में आत्मसात करने की पहल की गई।

जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी द्वारा व्यवहार न्यायालय लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी शिवशंकर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो लोहरदगा रेलवे स्टेशन, युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, वरीय योग शिक्षक संजय मधुर, युवा योग शिक्षिका खुशी भारती, अजय प्रसाद द्वारा सलगी चांपी में, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती द्वारा ब्लॉक कालोनी सामुदायिक भवन लोहरदगा में, कूडू मुख्यालय में सुमित उरांव व शिवराज विजय महतो, किस्को में विजय साहू, सेन्हा में विजय सोनी व विजय कुमार, कैरो में सुदामा महतो, गुरुकुल शांति आश्रम में अर्जुन आर्य समेत सभी प्रखंडों में योग साधकों एवं बहनों द्वारा योग अभ्यास कराया गया।



लोहरदगा

## इन आसन प्राणायाम का कराया गया अभ्यास

योग सत्र भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत विशेषज्ञ योग साधकों द्वारा कराया गया। जिसमें प्रार्थना मंत्र, ग्रीवा चलन, स्कंध चालन, स्कंध चालन, कटि शक्ति चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, योग निद्रा, कपालभांति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान आदि शामिल हैं। अंत में शांति पाठ के साथ योग महोत्सव को आज ही नहीं बल्कि अपने दैनिक व्यवहार में लाने का संकल्प लिया गया।

## जीवन में योग अपनाएं, निरोग रहें : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण



**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से बैडमिंटन कोर्ट हॉल (बहुद्देश्यीय भवन) में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योग ऐसी क्रिया है जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है।

## योग प्रशिक्षक प्रवीण भारती ने कहा, पाठकों के लिए गौरव की बात



**लोहरदगा।** 21 जून को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने अपने अखबार के माध्यम से हमारी धरोहर और सनातनी परंपरा योग को, जो पूरे जनसमुदाय के लिए उपयोगी है, इसके बारे मे बेहतर तरीके से कवरेज करते हुए अखबार के पेज को योग दिवस को समर्पित किया है। जनसमुदाय को योग को लेकर नई दिशा देने का काम किया है। दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार योग को लेकर काफी संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता दिखाया है। यह पाठकों के लिए गौरव की बात है। इस अखबार के माध्यम से लोहरदगा समेत पूरे झारखंड के पाठकों ने योग के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल किया है।

## महिला कॉलेज में योग दिवस भव्यता के साथ मनाया गया



**लोहरदगा।** मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत भव्यता के साथ मनाया गया। योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि-पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के महासचिव नीरू शांति भगत, प्रवीण सिंह, योग गुरू डॉ अशोक आचार्य, सुधीर अग्रवाल, ओम सिंह समेत अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलन एवं योग साधीका महिलाओं द्वारा शंखनाद करके प्रारंभ किया गया।

## योग से स्वस्थ व निरोग जीवन संभव : प्रवीण



**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा जिला के तत्वावधान में जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी भारती द्वारा जजों एवं उपस्थित लोगों को योगा प्रोटोकॉल का तहत योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अखिलेश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में योग दिवस मनाया गया



**लोहरदगा।** जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुषमा सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत योग के महत्त्व और इसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए किया।

## बीएस कॉलेज में योग शिविर का आयोजन



**लोहरदगा।** अंततराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बी एस कॉलेज लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योगा शिविर में सर्वप्रथम महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योग एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में योग की प्रासंगिकता विषय पर चर्चा की गई।

## न्यूज | बॉक्स

### गलत करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध आयोग करेगा कार्रवाई : डॉ आशा लकड़ा



**लोहरदगा।** प्रखंड के सीठीयो ग्राम में ग्रामीणों के आग्रह पर शुक्रवार को अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार सदस्य डॉ आशा लकड़ा पहुचीं। गांव पहुचने पर ग्रामीणों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा 60 आवेदन आयोग सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें जमीन सम्बंधित विवाद में एसटी एससी अधिनियम का दुरुपयोग कर केस में फंसाने को लेकर जिक्र किया गया है। इसपर आशा लकड़ा ने न्यायपालिका के अंतर्गत सभी को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुये कहा कि यह आये दिन मामला सुनने और देखने को मिल रहा है। इस विषय पर उपायुक्त से बैठक कर समाधान करेंगे। इसको लेकर अगले महीना आयोग का बैठक होना है। जिसमे सभी जिले का उपायुक्त शामिल होंगे और इसका समाधान निकालकर गलत करने वाले अधिकारी जो भी शामिल होंगे उनके विरुद्ध केस दर्ज किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर समहर्ता जितेंद्र मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचलाधिकारी राकेश तिवारी, पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद, मुखिया सोभा देवी, संगीता देवी, गीता देवी, सनातन बाखला, प्यारी बाखला, सानिया पुजार, महावीर साहू, रवि साहू, मनिरत्न भगत, सुलेन्द्र महली, महेंद्र महली सहित हजारो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक संपन्न



**गुमला।** गुमला भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गुमला के कार्य समिति की बैठक शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में उपायुक्त ने सोसाइटी के पिछले कार्य कलापों से अवगत होने के बाद आगे इसे जारी रखने के लिए सदस्यों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. राजू कश्यप के द्वारा जिले के रक्त की कमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए ब्लड डोनेशन कैंप करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सहमति से पारित करते हुए आगामी 30 जून को पुलिस लाइन में रक्त दान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से वार्षिक कार्य योजना का कैलेंडर बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, बसिया अनुमंडल पदाधिकारी कामडारा अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, सहित समिती के सदस्य मौजूद रहें।

### प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में हुआ निर्वाचन से संबंधित बैठक

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में निर्वाचन से संबंधित बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार ने की। इस बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के समाप्ति के बाद सभी छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम पंजीकृत करने, साथ ही एक ही मतदान केंद्र के अंदर यदि किसी एक मतदाता का एकसे अधिक प्रविष्टि हो तो उसके नवीनतम प्रविष्टि को छोड़कर अन्य प्रविष्टि हटाने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 10% घरों के सभी मतदाता का सत्यापन बी एल ओ और सुपरवाइजर को करने एवं सभी सत्यापित घरों में सत्यापन के स्टीकर चिपकाते हुए तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सुपरवाइजर को मतदाता सूची से मृत मतदाता का नाम हटाने मतदान क्षेत्र से बाहर निवास स्थान हो जाने के कारण मतदाता सूची से नाम हटाने का कार्य नियमानुसार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ शंकर साहू, कनीय अभियंता सतीश बंसल, ज्योति लाल महतो, एवं सभी बी एल ओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## एक नजर

### हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास की सजा



**गुमला।** पीडीजे ध्रुव चंद्र मिश्र की अदालत में शुक्रवार को रायडीह नवाटोली निवासी वृद्ध रंथु मुंडाहत्या कांड के दो आरोपी गांव के ही सुधीर मुंडा व बलराम मुंडा को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया है। इसके अलावा 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है।

### खड़े पिकअप वाहन में 12 चक्का ट्रक ने मारी टक्कर

**भंडरा।** भंडरा - लोहरदगा मुख्य पथ में विगत रात करीब 11 बजे रात में भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के समीप एक बारह चक्का ट्रक ने सड़क पर खड़ी पिकअप वैन नम्बर जेएच 01 डीवी 7311 को जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में पिकअप चालक बाल - बाल बच गया। ट्रक की टक्कर में पिकअप वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी भंडरा पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ट्रक को पकड़कर भंडरा थाना ले लाया और पुलिस द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### हल्की बारिश में ही डूब गया देवी मंडप

**कुडू - लोहरदगा ।** कुडू प्रखंड के चंदलासो पंचायत अंतर्गत कोकर गांव स्थित प्राचीन देवी मंडप बीते दिनों हुई हल्की बारिश में ही पानी मे डूब गया। जिससे ग्रामीणों का पूजा अर्चना करना भी मुहाल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की मुखिया के गैरजिममेदाराना रवैया और अनदेखी के कारण मंदिर के आसपास ऐसी हालत हुई है। गांव के अभय साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों द्वारा दर्जनों बार मंदिर के समीप नाली निर्माण करने की मांग रखी गयी लेकिन मुखिया द्वारा फंड का नही होने का ही अलाप सुनने को मिला।

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

## योग हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जरूरी है : किरण माला बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के अवसर पर आज शुक्रवार 21 जून, 2024 को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिसई के पंडारनी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के परिसर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, सेवानिवृत फौजी समाजसेवी डॉ. रामचरित्र सिंह, योग शिक्षक गजराज महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष विमला देवी, सामाजिक कार्यकर्ता समरू सिंह, वार्डन अनीता कुमारी एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और पौधा देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा ने कहा कि योग हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जरूरी है और हम सभी को हर दिन योगाभ्यास के लिए समय निकालना चाहिए क्योंकि योग पूरी मानवता के लिए लाभदायक है। हम कितने भी तनावपूर्ण माहौल में क्यों न हों, कुछ मिनट का ध्यान हमें शांत कर देता है, हमारी उत्पादकता को बढ़ा देता है। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत फौजी समाजसेवी डॉ. रामचरित्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं को स्वस्थ और प्रफुल्लित रखने का आसान और निशुल्क उपाय योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेना है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग है और हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रोग मुक्त रहने का प्रयास करना चाहिए।

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन, बोले उपायुक्त

## योगाभ्यास करना हमारे मन और चित्त में एकाग्रता उत्पन्न करता है

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** आज शुक्रवार को नगर भवन गुमला में जिला प्रशासन एवं जिला आयुष समिति गुमला के संयुक्त तत्वाधान में जिले में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस योग दिवस के अवसर पर आयुष समिति के प्रशिक्षकों के द्वारा सभी को विभिन्न योग अभ्यास करवाया गया। जिसमें लगभग 10 से अधिक योगाभ्यास शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, शाशिंद्र कुमार बड़ाई अपर समाहर्ता सहित जिले के वरीय अधिकारी, कर्मी सहित विद्यार्थी एवं बच्चे भी मौजूद रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि योग अभ्यास से न केवल आप स्वास्थ्य रहेंगे बल्कि इससे जीवन में एक अनुशासन भी बनी रहती है एवं अनुशासन ही पूरे जीवन को एक सफल रूप देने का कार्य करती है। साथ ही इस दौरान उपायुक्त ने राज्य भर में मादक पदार्थों के सेवन ना करने के विरुद्ध 19 से 25 जून तक चलाए जा रहे अभियान के विषय में उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा स्वास्थ्य जीवन के लिए नशीले पदार्थों के सेवन करने से भी बचे एवं स्वयं को एवं अपने संबंधियों को भी नशीले द्रवो का सेवन न करने के प्रति जागरूक करें। स्वास्थ्य समाज के निर्माण हेतु उन्होने सभी से राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग की साधना में प्रति दिन दीए गए केवल 30 मिनट भी हमारे जीवन में एक सकारात्मकता की ऊर्जा उत्पन्न कार्यों है। नियमित योगाभ्यास करना हमारे मन और चित में एकाग्रता उत्पन्न करती है, हमारी क्षमता का विकास करती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मन ही स्वास्थ्य शरीर का गठन करता है, अतः सदैव स्वास्थ्य रहें एवं निरंतर योगाभ्यास करते हुए स्वयं को एवं समाज को स्वास्थ्य बनाएं, योगाभ्यास के पश्चात बच्चियों के द्वारा योग से जुड़े एक बेहतरीन प्रस्तुति की गई इसके उपरांत सभी अतिथियों के बीच औषधीय पौधों का भी वितरण किया गया।

अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व अन्य विभागों के प्रगति से संबंधित हुई बैठक

## विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करें : आशा लकड़ा

- *राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा पहुची लोहरदगा*
- *पुलिस विभाग को आमजनों से बेहतर संवाद स्थापित करने का निर्देश*
- *नए छात्रावास के लिए एक पुलिस पिकेट की स्थापना करने का निर्देश*

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा, की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व अन्य विभागों के प्रगति से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गई। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में खेल मैदान को सुदूरवर्ती गांवों में भी चिन्हित कर स्वीकृत किये जाने का निदेश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई और निदेश दिये गये। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में लाभुकों के आवास के साथ एक शौचालय की योजना भी जोड़े जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में किसी भी प्रकार शिकायत के लिए जांच किये जाने का निदेश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में अनुसूचित जनजाति के आवासीय विद्यालयों के स्थिति की समीक्षा की गई। विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया। सभी विद्यालयों के बच्चों के लिए संकुल स्तर और जिला स्तर पर क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला में कार्यरत सहायक आचार्यों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग को सभी एफपीओ को क्रियाशील किये जाने का निदेश दिया गया। समाज कल्याण विभाग और आइटीडीए विभाग की समीक्षा हुई। छात्रावासों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, अध्ययन कक्ष, बीएस कॉलेज की छात्राओं के लिए सही स्थान पर भूमि का चयन कर छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजने, महिला कॉलेज, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय व नये छात्रावास के लिए एक पुलिस पिकेट की स्थापना करने का निदेश दिया गया।

### गांव-गांव में पेंशन के नए लाभुकों को जोड़े

सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत गांव-गांव में पेंशन के नये लाभुकों को जोड़े जाने हेतु विशेष अभियान चलाकर घर-घर सर्वे किये जाने का निदेश दिया गया। डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि गांवों में कई ऐसे वृद्ध हैं जो स्वयं सरकारी कार्यालयों तक नहीं आ पाते हैं। ऐसे में उन्हें योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता है।

### धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों से आवेदन मांगा जाए

आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रति पंचायत या दो पंचायत पर एक लैम्पस की संख्या सुनिश्चित हो। धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों से आवेदन मांगा जाए। जिला में मार्केटिंग अफसरों की संख्या की कमी की समस्या का हल के लिए आवश्यक प्रयास किये जाने का निदेश दिया गया। उद्योग विभाग अंतर्गत महाप्रबंधक, उद्योग को निदेश दिया गया कि बैंक के साथ समन्वय बनाकर आवेदकों का आवेदन निष्पादित करायें।

### अस्पतालों में चिकित्सकों के विजिट का रोस्टर तैयार करे

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला अस्पताल और प्रखण्ड स्तरीय अस्पतालों में चिकित्सकों के विजिट का रोस्टर तैयार कर उसका अनुपालन कराये जाने का निदेश दिया गया। सभी टीकाकरण का प्रशिक्षण दिये जाने का भी निदेश दिया गया। भूमि संरक्षण अंतर्गत पकोर्लेशन टैंक की योजना की समीक्षा की गई। मत्स्यपालकों को मत्स्य उत्पादन के नवीनतम तरीके से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाने का निदेश दिया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 326585 Building(24-25)D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 327199 Building(24-25).D

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER,LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

(3rd Call)
Very Short term EOI

EOIs are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of **Solar High Mast Light Systems with Battery** on Turnkey basis across different identified points / locations in Latehar District.

The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of **Solar High Mast Light Systems with Battery** on Turnkey basis across different identified points / locations in Latehar District. |
| 2 | Contract Period | 2 years (Rate Contract period) |
| 3 | Period of contract | Completion period +2 years |
| 4 | Date of publication of EOI | 21.06.2024 |
| 5 | EMD and Tender fee etc. | EMD - 05,00,000 (Five Lakhs Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. For MSMEs of Jharkhand EMD is NIL. |
| 6 | Presentation | The bidder which qualifies in technical round shall present presentation before the purchase committee members on the day of opening of tender. |
| 7 | Last date and time for Submission of Bids | 28.06.2024, Time :- 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 29.06.2024, Time :- 01:00 PM Place :- District Planning Office, Latehar |
| 9 | Name & address of office inviting tender | District Planning Office, Latehar, 829206 |
| 10 | Contact no. of officer | 8292415533 |

Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

PR 327215 Planning and Development(24-25).D

District Planning Officer
Latehar

# एसबीआई चेयरमैन ने सीतारमण को 6959.29 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक प्राप्त किया। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त मंत्री को 857.16 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 857.16 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक प्राप्त किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधु सक्सेना ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 857.16 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा।

---

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।

(लापता व्यक्ति गिरवर चौधरी(दिमागी हालत ठीक नही) उम्र–45 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–19/2024 दिनांक–15.06.24 में लापता व्यक्ति गिरवर चौधरी (दिमागी हालत सही नही) उम्र–45 वर्ष, पिता– सिताराम चौधरी, ग्राम–गेरुवा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक–16.04.2024 से लापता है। उक्त लापता व्यक्ति गिरवर चौधरी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
रंग–गोरा, उंचाई करीब–05 फिट, पहनावा–सर्ट सफेद चेक,
पैन्ट घुसर रंग सफेद, स्टोल लाल रंग व सफेद।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.327151 Police(24-25):D

---

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website:** www.latehar.nic.in

### (3rd Call)
### Very Short term EOI

**EOI reference no. :-** **Dated:-**

Bids are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery** on Turnkey basis at different places of Latehar. The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery** on Turnkey basis at different places of Latehar. |
| 2 | Contract period | 02 Years |
| 3 | Period of Completion | 06 Months |
| 4 | Date of publication of EOI | 21.06.2024 |
| 5 | EMD and Tender fee etc. | EMD - 2,00,000 (Two Lakhs Rupees Only/-)Refundable & Tender Fees Rs10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar For MSMEs of Jharkhand EMD is NIL. (those who have already submitted no need to submit again ) |
| 6 | Last date & time for EOI Submission along with original copies of Tender fee & EMD | 28.06.2024, Time :- 05:00 PM |
| 7 | Technical EOI Opening Date | 29.06.2024, Time :- 11:00 AM |
| 8 | Name & address of office inviting EOI | District Planning Office, Latehar |
| 9 | Place of opening of EOI | District Planning Office, Latehar |

**Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: -**https://latehar.nic.in/

PR 327212 (Planning and Development) 24-25 (D)

**District Planning Officer, Latehar**

---

## वाडेन,छात्र–छात्रावास,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू का कार्यालय पलामू।

### अल्पकालीन–निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)
निविदा संख्या– 01/2023–24

वाडेन,छात्र–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकलकॉलेज, पलामू के लिए चालुवर्ष 2024–25 में छात्रावास के लिऐ सामाग्री,उपकरण एवंअन्य समानों के खरीद के लिये निविदा दिनांक 22.06.2024 के अपराह्न 12:30 बजे से आमंत्रित कियाजाताहै।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | समाग्री, उपकरण एवं अन्य समानो के खरीद हेतु |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 22.06.2024,समय 12:30 PM |
| 2 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवंस्थल | 10.07.2024को प्राचार्य, कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 3 | निविदा शुल्क (डी0डी0) जो Warden Boy'Hostel Medinirai Medical College'Palamu के नाम से देय होगा। | 1000.00(एक हजार) रू0Non-Refundable |
| 4 | अग्रधन की राशि (डी0डी0)जो Warden Boy'Hostel Medinirai Medical College'Palamu नाम से देय होगां। | 20,000 (बीस हजार) रू0Refundable |
| 5 | निविदाआमंत्रित करनेवाले का नाम एवं पता | वाडेन,–छात्र–छात्रावास मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू पोखराहा, (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | DD/( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 09.07.2024 05 P.M तक |

1. निविदा शुल्क जमा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में वार्डन छात्र–छात्रावास,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

वाडेन
छात्र–छात्रावास
मेदिनीराय मेडिकलकॉलेज,पलामू।

PR 327153 (District) 24-25 (D)

---

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

### अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024–25

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत खराब चापाकल की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। चापाकल सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 28.06.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु India Mark-II का सामग्री निम्नवत् है :–

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | पाईप + सॉकेट $1\frac{1}{4}$ TATA | 5 | चैन (ब्रांडेड कम्पनी) |
| 2 | रड सॉकेट 12MM (ब्रांडेड कम्पनी) | 6 | हैन्डिल (ब्रांडेड कम्पनी) |
| 3 | हेड (ब्रांडेड कम्पनी) | 7 | क्रुम वासर (ब्रांडेड कम्पनी) |
| 4 | बैरिंग (ब्रांडेड कम्पनी) | 8 | पलेंजर (ब्रांडेड कम्पनी) |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 327157 District(24-25).D

---

## झारखण्ड सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग
## जिला खनन कार्यालय, पलामू, मेदिनीनगर
(e-mail-id - dmo-palamau@jharkhandmail.gov.in)

### सूचना
### मानसून अवधि (10-06-2024 से 15-10-2024) में लघु खनिज बालू की खरीदगी के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय NGT न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में मानसून सत्र (10-06-2024 से 15-10-2024) की अवधि में जिलान्तर्गत किसी भी नदी बालूघाट से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। उक्त अवधि में असैनिक निर्माण कार्यो में लघु खनिज बालू की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने हेतु जिले के निजी बालू भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संचालित बालू स्टॉकयार्ड में बालू उपलब्ध है, जिसकी सूची निम्नवत् है :–

| Sl No. | Dealer Name | Contact No. | Stockyard Address |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कमलेश प्रसाद, पिता श्री छक्कन प्रसाद, ग्राम पोंची, थाना सतबरवा, पलामू। | 8789634443 7782074417 | मौजा पोंची, थाना सतबरवा, खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 478 रकबा 1.00 एकड़ |
| 2 | मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स, श्री अजय कुमार गुप्ता, पिता श्री रजाजराम गुप्ता, ग्राम पण्डवा, पलामू। | 9631189505 8210291870 | मौजा तुकबेरा, थाना नावा बाजार, खाता संख्या 03, प्लॉट संख्या 444, रकबा 00.75 डी॰ |

अतएव् संबंधित संवेदको/एजेन्सियों/प्रतिष्ठानों एवं आम लोगों से अनुरोध है कि मानसून अवधि में निम्नलिखित दो अनुज्ञप्तिधारियों से सम्पर्क कर बालू की आपूर्ति ली जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, पलामू में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर।

PR.NO.327148 District(24-25):D

---

## उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
## (जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार)

### आवश्यक सूचना

इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नात्तक स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0 क्रमशः 03/2015 एवं 04/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक कर्यालय, लातेहार) के क्रम में पूर्व की अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात् अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति निमित अंतिम काउंसिलिंग किया जाना है।

अवशेष रिक्त पदों की विवरणी निम्न है :–

**इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी**

| क्र0 | जिला | | (पारा कोटि) | | | | | | (गैर–पारा कोटि) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
| 1 | लातेहार | रिक्ति | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 27 | 14 | 1 | 0 | 0 | 42 |

**स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी**

| क्र0 | जिला | विषय | | (पारा कोटि) | | | | | | (गैर–पारा कोटि) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
| 1 | | विज्ञान/गणित | रिक्ति | 5 | 6 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | लातेहार | कला/सामाजिक विज्ञान | रिक्ति | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | | भाषा | रिक्ति | 2 | 4 | 1 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

- पूर्व में नियुक्ति का CUT-Off प्राप्तांक में कोई परिवर्तन नही होगा।
- वर्ष 2015–16 एवं वर्श 2019 में चयनित अभ्यार्थियों के संबंध में तैयार मेधा सूची को पुनः आयोजित काउंसिलिंग के बाद अधिक प्राप्तांक के आधार पर संशोधित नहीं किया जायगा। इसके लिए किसी नवचयनित अभ्यार्थी के वरीयता का दावा मान्य नहीं होगा। वर्त्तमान चयनित नियुक्ति शिक्षक वर्तमान की वरीयता के अनुसार पूर्व में नियुक्त शिक्षक के नीचे होंगे। इस आयोजित अंतिम काउंसिलिंग के क्रम में नियुक्त अभ्यर्थी का नियुक्ति वर्ष 2024 माना जायगा।
- न्यायालय में याचिका दायर कर पारित न्यायादेश से आच्दादित अभ्यार्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग में भाग लेने हुतु अभ्यार्थियों को न्यायादेश की प्रति भी अपने अन्य आवश्यक अभिलेखों/कागजातों के साथ देना होगा।
- आवेदक द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में पूर्व में समर्पित आवेदन क्रमशः दिनांक 03/2015 एवं 04/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक कर्यालय, लातेहार) के क्रम में (पारा/गैर पारा कोटि, जिसके लिए भी उनके द्वारा आवेदन किया गया हो, यदि दोनों कोटि में अलग–अलग आवेदन किया गया हो, तो अलग–अलग साक्ष्य – स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छयाप्रति सहित) **दावा आवेदन** दिनांक 22.06.2024 से 22.07.2024 अपराह्न 5: 00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायगा एवं कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
- अभ्यार्थी को किसी एक ही कोटि के पदों पर काउंसिलिंग में भाग लेने का निर्णय लेना होगा।
- विशेष जानकारी हेतु समय–समय पर www.latehar.nic.in संबंधित अग्रेतर सूचना देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार — उपायुक्त, लातेहार

PR 327186 Human Resource Developement(24-25)#D

---

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।
### चोरी गई वाहन
### (स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0–297/024 दिनांक–05.06.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल जिसका रजी0 नं0– **JHO3Y3519**, इंजन नं0–HA10AGV4D15367 एवं चेचिस नं0–MBLHAW097K4D08136 का दिनांक–05.06.24 को बजार समिति गढ़वा से अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 327154 (Police) 24-25 (D)

---

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

### अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0 01/2024–25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त लातेहार के पत्रांक 77 /डी0एम0एफ0टी दिनांक 12.01.2024 के द्वारा प्रदत स्वीकृति के आलोक में नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत सफाई संयत्रों के तहत इलेक्ट्रीक वाहन का क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संयत्रों के क्रय के क्रम में नगर पंचायत लातेहार के निविदा समिति द्वारा क्रय किये जाने वाले सभी संयत्रों के Specification की स्वीकृति प्रदान हो जाने के उपरान्त संबंधित सभी संयत्रों का क्रय नगर पंचायत लातेहार द्वारा बाद में खुली निविदा के माध्यम से GEM Portal से की जायेगी। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता निचे दिये गये विवरण अनुसार क्रय किये जाने वाले सफाई संयत्रों का Best Specification with Price (Inclusive of All Taxes) मूहरबन्द लिफाफे में दिनांक 28.06.2024 के अपराहन् 1.30 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते है। मुहरबन्द लिफाफे में Specification के साथ संबंधित फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता को पैनकार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट (विगत तीन वर्ष), जी0एस0टी0 3ठ रिर्टन, प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र, संबंधित सफाई संयत्रों के अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र एवं स्वच्छ रंगीन कैटलॉग जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा।

**संयत्रों का विवरण**

| क0 सं0 | सफाई संयत्रों का विवरण | Details of Specification | सभी कर (Tax) सहीत अंकीत दर |
|---|---|---|---|
| 01 | Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle with Registration and All Complete (For Garbage Collection) | | |

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 327229 (Urban Development) 24-25 (D)

---

## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

### अतिअल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा संख्या:- 02/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–-20-06-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ STPKG-16/ 2023-24 | छापरटोली से तिर्राडीह तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.250 कि0मी0)<br>परवल से मालादोन पार्ट–बी तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–1.650 कि0मी0)<br>बोरोटोली पबिया से मोरगॉव तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0)<br>दरहालापुंग से बंगरू होते हुए जिरहुल तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–4.480 कि0मी0)<br>बी0पी0डी0पी0 रोड भरनो चट्टी से खरका खास तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–7.650 कि0मी0)<br>बी0पी0डी0पी0 रोड भरनो चट्टी से चेतो तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–1.050कि0 मी0)<br>बी0पी0डी0पी0 रोड भरनो चट्टी से परसा तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–1.560 कि0 मी0)<br>बी0पी0डी0पी0 रोड भरनो चट्टी से बड़ा पण्डरी तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–2.440 कि0 मी0) | 1344.856 | तेरह करोड़ चौवालीस लाख पचासी हजार छः सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम। |
| 2 | RWD/ GUMLA/ STPKG-17/ 2023-24 | तेतरटोल से सिदपुर तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.550 कि0 मी0)<br>मझगॉव से कोठी तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–2.200 कि0 मी0)<br>मेराल रोड से देवीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–7.400 कि0 मी0)<br>मेराल रोड से बंझार तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.200 कि0 मी0)<br>मेराल से अमगॉव तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.000 कि0 मी0)<br>गोविन्दपुर से भुरकेला रोड लावननदी पुल भाया कमलपुर तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.050 कि0 मी0) | 1476.219 | चौदह करोड छिहत्तर लाख इक्कीस हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम। |
| 3 | RWD/ GUMLA/ STPKG-18/ 2023-24 | चैनपुर से भगत बुकमा तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–5.350 कि0 मी0)<br>डहुडरगय से जमगई तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.400 कि0 मी0)<br>लालगंज से दतरा तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–1.300 कि0 मी0)<br>बेंदोरा से शंख नदी भाया किरतो लकड़ाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–4.400 कि0 मी0)<br>एस0एच0 रेनटोली से खरबागढ़ा भाया बरबेनगर तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.300 कि0 मी0)<br>डुमरपाट से करमसिली तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–4.850 कि0 मी0)<br>T07 से सिमला भाया खखराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–2.000 कि0 मी0) | 1480.608 | चौदह करोड अस्सी लाख साठ हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम। |
| 4 | RWD/ GUMLA/ STPKG-19/ 2023-24 | महुगॉव से बिरजु पार्ट–सी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–0.6500 कि0मी0)<br>महुगॉव से बिरजु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.100 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी0 रोड हापामुनी से चामा पार्ट–सी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.250 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी0 पथ चिपरी रानीटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.400 कि0मी0)<br>वामडीह से टांगर सिकवार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.100 कि0मी0)<br>बनसारी से कोटारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.900 कि0मी0)<br>गनहरदा से बालखटंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी पथ से माईल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.400 कि0मी0)<br>गुटवा से घोड़ाछापर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.650 कि0मी0)<br>गम्हरिया से चाची तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0) | 1597.486 | पंद्रह करोड़ संतानबे लाख अड़तालीस हजार छह सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ GUMLA/ STPKG-20/ 2023-24 | अम्बाटोली सिकरी तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–6.000 कि0 मी0)<br>जारी–बितरी तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–2.400 कि0 मी0)<br>सत्तर मोड़ से कामते बॉर्डर तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.450 कि0 मी0)<br>आर0ई0ओ0 रोड़ भिखमपुर–शंखसोरडीह तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–3.200 कि0 मी0)<br>मेराल से असरो तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–4.000 कि0 मी0)<br>आर0ई0ओ0 रोड़ से कन्दापाट तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य। (लं0–6.400 कि0 मी0) | 1579.340 | पंद्रह करोड़ उनासी लाख चौतीस हजार रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/ GUMLA/ STPKG-21/ 2023-24 | पुटो से लोदगो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–13.050 कि0मी0)<br>L055-T07 से लावादाग (VR-56) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.500 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी0 पथ से कासपोरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.100 कि0मी0)<br>L050-T02 से दरदाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.400 कि0मी0)<br>L059-T04 से बदरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.700 कि0मी0) | 1536.882 | पंद्रह करोड़ छत्तीस लाख अटठासी हजार दो सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 27.06.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–09.07.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 11.07.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभिंयंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.327178 Rural Work Department(24-25):D

# ईवीएम पर सवाल करते पर जांच से भागते

देश में प्रायः हर उस चुनाव के बाद विद्युतीय मतदान मशीन पर सवाल उठते रहे हैं, जब किसी भी विपक्ष की सरकार नहीं बन पाती। इस बार भी लोकसभा चुनाव के बाद देर से ही सही, लेकिन ईवीएम पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि अभी स्वर इसलिए भी धीमे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत बढ़ाकर एक मजबूत विपक्ष बनने का रास्ता तैयार कर लिया है। देश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा दृश्य पहली बार दिख रहा है, जब विपक्ष सरकार बनाने से दूर रहकर भी अपनी विजय का अहसास करा रहा है। इसके विपरीत सत्ता पाने वाला राजग इस बात की समीक्षा कर रहा है कि उसकी सीटें कम कैसे हो गईं ? जबकि यह समीक्षा विपक्षी दलों को करनी चाहिए थी । इस लोकसभा चुनाव से पूर्व भी भाजपा के नेतृत्व में दो बार केंद्र में सरकार बनी, तब भी विपक्ष का यही मानना था कि ईवीएम की गड़बड़ी के कारण ही भाजपा ने विजय प्राप्त की है। हालांकि इन दस वर्षों के दौरान कई बार ऐसे चुनाव परिणाम भी आए हैं, जिसमें भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन विसंगति यही है कि इसके बाद विपक्ष की ओर से ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठाए गए। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि विपक्ष की ओर से स्थिति देखकर ही सवाल उठाए जाते हैं।विपक्षी राजनीतिक दलों को ऐसा ही लगता है कि भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं है, वे मात्र ईवीएम के सहारे ही जीतते हैं। जबकि विपक्ष के किसी राजनीतिक दल को किसी राज्य में सत्ता प्राप्त हो जाए तो फिर ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए जाते। हम जानते हैं कि विपक्ष को केवल भाजपा की जीत से परहेज है, वे भाजपा की जीत को पचा नहीं पाते, जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था, लेकिन तब ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठा। हमें स्मरण होगा कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के अधिकतर नेताओं ने एक स्वर में ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। तब इन सवालों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को बुलाया था कि ईवीएम को कोई हैक करके दिखाए। लेकिन उस समय ज्यादा विरोध करने वाले कोई भी राजनेता चुनाव आयोग के बुलावे पर नहीं पहुंचे। इसका तात्पर्य यही है कि विपक्ष के ईवीएम पर आरोप का कोई पुष्ट आधार नहीं है। इस बार भी केवल आशंका के आधार पर ईवीएम को निशाने पर लाने की कोशिश की जाने लगी है।चुनाव परिणाम के बाद इस बात की पूरी संभावना बन रही थी कि इस बार ईवीएम को आड़े हाथ लिया जाएगा। इसलिए चुनाव आयोग ने भी ईवीएम को लेकर उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर करने का प्रयास किया। लेकिन इतना होने के बाद भी यह भ्रम दूर नहीं हो सका और ईवीएम पर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। यह विवाद कितनी दूर तक जाएगा, यह तो कहना मुश्किल है, लेकिन जब धुंआ उठने लगा है तो आग भी कहीं न कहीं लगी ही होगी। अब विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग और ईवीएम दोनों ही हैं। विपक्ष की ओर से यह कई बार कहा गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के संकेत पर कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जिस पर न तो किसी सरकार का कोई प्रभाव रहता है और न ही किसी राजनीतिक दल का। फिर भी चुनाव आयोग को क्यों विवाद में घसीटा जाता है। यहां यह भी बताना बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर विदेश का कोई व्यक्ति या संस्था भारत के बारे में कोई सवाल उठाता है तो हमारे देश के कुछ लोग उस पर आँख बंद करके विश्वास कर लेते हैं, जबकि हमारे देश के संस्थान केवल सफाई देते रहते हैं। अभी हाल ही में एलन मास्क द्वारा यह कहकर सनसनी फैलाने का ही काम किया है कि ईवीएम हैक हो सकती है। एलन मास्क ने यह बयान क्यों दिया, यह तो वही जानें, लेकिन विदेश के लोगों द्वारा भारत के बारे में ऐसे विवादित बयान कई बार दिए जा चुके हैं, जिसको आधार बनाकर भारत की राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान की तरफ से तो मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एक अभियान सा चलता दिखाई दिया। बेहतर यही होता कि विदेश के किसी भी व्यक्ति को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से आईना दिखाने का कार्य किया जाता।

इन दिनों

# योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान


हृदयनारायण दीक्षित

*योग* आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, ''शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।'' मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे। मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, ''जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।'' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, ''आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, ''आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।'' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, ''आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।'' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया- योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, ''हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं।'' सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, ''यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, ''क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, ''समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।'' योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है। योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि ''जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।'' पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है- ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है। भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना संन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**


**भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है।**

## आपकी बात

### सत्य सनातन सांस्कृतिक की पहचान है नालंदा विश्वविद्यालय!


मनोज कुमार अग्रवाल

*हमारी* संस्कृति पर कितना सुनियोजित तरीके से विदेशी आक्रान्ताओं ने सांप्रदायिक उन्माद के चलते नष्ट भ्रष्ट करने की कोशिश की नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर आज भी इस बबार्दी के गवाह हैं। लेकिन अब समय बदल रहा है 800 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत की विरासत और दुनिया के पुराने यूनिवर्सिटी नालंदा विश्वविद्यालय का कायाकल्प हो चुका है। नालंदा विश्वविद्यालय अपने नए स्वरुप में उभरकर सामने आया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1600 साल पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन 19 जून को किया है। बता दें, नालंदा विश्वविद्यालय का 1600 साल पुराना इतिहास रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय तब से है जब ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे यूनिवर्सिटी अस्तित्व में भी नहीं आए थे। नालंदा यूनिवर्सिटी का निर्माण गुप्त काल में किया 5वीं सदी में किया गया था। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी। नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विश्वद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था। यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषय का गहन अध्ययन कराया जाता था। कहा जाता है कि नालंदा यूनिवर्सिटी में जिन विषयों को पढ़ाया जाता था, उन विषयों के बारे में दुनिया के अन्य किसी विश्वविद्यालयों में नहीं पढ़ाया जाता था इस विश्वविद्यालय को लेकर कई कहानिया कही जाती है। इनमें से एक ये है कि जब बख्तियार खिल्जी बीमार पड़ा था तो उसने यहीं पर अपना इलाज कराया था, लेकिन उसे इलाज पसंद नहीं आया और इस वजह से उसने पूरी यूनिवर्सिटी में आग लगा दी। महीनों तक यूनिवर्सिटी जलता रहा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बता दें, नालंदा यूनिवर्सिटी दुनिया के पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय का खास इतिहास रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रीज से 600 साल पुराना है। यहां ऐसे विषयों को पढ़ाया जाता है, जो दुनिया में अन्य कहीं नहीं पढ़ाया जाता था। भारत की ये धरोहर बख्तियार खिलजी के भेंट चढ़ गई। इस यूनिवर्सिटी में करीब 300 से ज्यादा कमरें थे। इसके अलावा 7 बड़े-बड़े हॉल भी थे। यहां की लाइब्रेरी सबसे खास थी।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

देश-विदेश

# चीन के खिलाफ आक्रामक विदेश नीति की जरूरत


डॉ. अनिल कुमार निगम

'शठे शाठ्यं समाचरेत' अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना चाहिए। यह नीति भारत को अपने पड़ोसी व साम्राज्यवादी देश चीन के बारे में अपनानी चाहिए। चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन 'हिंदी चीनी भाई भाई' का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है। भारत की सीमा पर घुसपैठ अथवा जमीन पर कब्जा करना चीन की फितरत में रहा है। भारत की लगातार चेतावनी के बावजूद वह एलएसी का न केवल उल्लंघन करता रहा है बल्कि अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है। इसके लिए उसने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का पालन किया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हमला किया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार हमले बढ़े हैं। इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन हमलों में पाकिस्तान और चीन की संयुक्त साजिश नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 से 8 जून के बीच कई दौर की लंबी-लंबी बैठकें की थीं। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कश्मीर पर चर्चा की। दोनों की मुलाकात के बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले भी बढ़े हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसमें पाकिस्तान और चीन की साजिश दिख रही है। भारत ने लगभग 60 हजार राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को इस्टर्न लद्दाख में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया है। एलएसी पर भारतीय सेना की भारी संख्या में तैनाती से चीन बौखलाया जरूर है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सेना का ध्यान भटकाने के लिए जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी वारदात बढ़ाई जा रही है। हालांकि भारत के कड़े रुख के चलते चीन अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया, लेकिन इसी वर्ष जिस तरीके से उसने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए इस राज्य में एलएसी के पास 30 स्थानों के नाम बदल दिए, वह अत्यंत चिंताजनक है। भारत ने भी उस पर जवाबी कार्यवाही करते हुए तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की तैयारी कर ली है। भारत इन नामों कभी भी सूची जारी कर सकता है। भारत का मानना है कि ऐसा करने से चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन 'हिंदी चीनी भाई भाई' का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है।**

## फेसबुक वॉल से

**Sarika Bhushan**
2 d ·
Some of my favourite stress busters activities....... apart from writing 😊
See Translation




148 · 138 comments
Like · Comment · Send

Jyoti Sahu
Looks delicious 😋
See Translation
Like · Reply · 1

## X- से

**Surya Pratap Singh IAS Rtd.** @... · 13h

"मेरे फ़ूफ़ा ने कोटा से बुलाया कि NEET पेपर की सेटिंग हो गई है...और 100% वही सवाल आये, मैं अपराध स्वीकार करता हूँ": आरोपी

अब क्या बचा जाँच में?

पेपर लीक सिद्ध है तो रद्द करिए NEET को, पुनः कराइये, दिक़्क़त क्या है?

NTA का कुछ करिये, कुछ तो ज़िम्मेदारी तय हो, इससे पहले कि और Show more

344 · 836 · 3.9K · 215K

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर


डॉ. अशोक कुमार भार्गव

*भारतीय* चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था। ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**


बोधि वृक्ष

# दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर



बिहार में नालंदा जिले के मघड़ा गांव स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा करने को लेकर मान्यता है कि श्रद्धालुओं को निरोगी काया की प्राप्ति है। नालंदा जिले में बिहारशरीफ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर परवलपुर-एकंगर सराय मार्ग पर स्थित है एक छोटा सा गांव है मघड़ा। इस गांव की पहचान सिद्धपीठ के रूप में की जाती है। शीतला माता मंदिर के प्रति लोगों की आस्था जुड़ी है। यह मंदिर प्राचीनकाल से ही आस्था का केन्द्र रहा है। यहां कभी गुप्तकाल के शासक चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय चीनी चात्री फाह्यान ने पूजा की थी। उन्होंने अपनी रचना में शीतला माता मंदिर की चर्चा की है। शीतला माता मंदिर में माथा टेकने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। मां शीतला महारानी अपने भक्तों की खाली झोली जरूर भरती हैं। माता की कृपा जिस पर बनी रहती है, उनपर कोई विपत्ति नहीं आती। माता अपने भक्तों को निरोगी काया देती हैं। खासकर चेचक से पीड़ित लोग माता शीतला के दरबार में आकर कंचन काया पाते हैं। यहां सभी धर्मों के लोग चेचक के निवारण के लिए माथा टेकते हैं। मां की कृपा से निःसंतान को संतान और निर्धनों को धन की प्राप्ति होती है। माता शीतला मंदिर के पास ही एक बड़ा सा तालाब है। (क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

# जल्द आएगा व्हाट्सएप का नया फीचर



व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नई सुविधा पेश करने की तैयारी कर रहा है जो Google ड्राइव बैकअप को दरकिनार करते हुए क्यूआर कोड का उपयोग करने वाले उपकरणों के बीच चैट इतिहास हस्तांतरण को सरल बनाता है। आगामी अपडेट से एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए प्रक्रिया को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और कुशल बनाने की उम्मीद है। मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप कथित तौर पर यूजर्स के अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से कई नए अपडेट पेश करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें एक असाधारण सुविधा है जो क्यूआर कोड के माध्यम से उपकरणों के बीच चैट हिस्ट्री ट्रांसफर को सरल बनाती है।

**यह फीचर चैट डेटा ट्रांसफर को आसान बनाएगा**

WABetainfo के अनुसार, यह इनोवेटिव चैट ट्रांसफर क्षमता नवीनतम बीटा संस्करण, 2.24.9.19 का हिस्सा है, और Google ड्राइव की आवश्यकता को दरकिनार करते हुए चैट डेटा को एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस पर ले जाना काफी आसान बनाने का वादा करता है। (क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सीने में दर्द की शिकायत के बाद आसाराम जोधपुर एम्स में भर्ती



**जयपुर।** बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को सीने में दर्द की शिकायत के बाद जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। सोमवार को आसाराम ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद जेल अधिकारी उसे जेल डिस्पेंसरी ले गए, जहां उसका इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट हुआ। गुरुवार को उसे नियमित जांच के लिए एम्स ले जाया गया, जहां उसे एनीमिया पाया गया। हालांकि, उसकी अन्य जांच रिपोर्ट सामान्य थी। जांच के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस बीच, गुरुवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत पर आसाराम को फिर से एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया।

### हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत, तीन घायल

**हिमाचल।** हिमाचल के शिमला जिले में कुदु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के एक बस के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब छह बजकर 45 मिनट पर उस दौरान हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस कुदु से दिलतारी की ओर जा रही थी। उसने बताया कि बस में सात लोग सवार थे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस चालक करम दास और परिचालक राकेश कुमार ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।



एसएसबी के जवान पटना के दीघा घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते हैं।



कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छात्र योग करते हुए।



भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने मथुरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पर योग किया।

# नीट पेपरलीक केस के आरोपियों को नहीं मिली राहत, पटना सिविल कोर्ट में टल गई सुनवाई

एजेंसी

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में चार आरोपितों की शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में एडीजे-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी। एडीजी राजेन्द्र कुमार सिन्हा की अदालत ने पुलिस को अगली सुनवाई में एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने की बात कहकर सुनवाई को टाल दिया।

पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीट पेपर लीक मामले में अनुराग यादव, आयुष कुमार, नितीश पटेल और सिकंदर यादवेंदु की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। एडीजी-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी है। यह चारों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में 25 जून को अगली तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस को एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने को भी कहा गया है। अगली सुनवाई में डायरी पेश की जाएगी। नीट पेपर लीक मामले में शास्त्री नगर थाने की पुलिस के द्वारा 13 लोगों को




गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सॉल्वर गैंग के सदस्य के साथ अभ्यर्थी भी शामिल थे। चार आरोपितों की आज जमानत याचिका पर पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद आरोपितों की जमानत पर कोर्ट ने कोई फैसला नहीं सुनाया है। साथ ही कोर्ट के द्वारा एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी मांगी गई है। नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु दानापुर में नगर आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित था। वह समस्तीपुर का रहने वाला है। इसकी मुलाकात अमित आनंद से हुई थी। इन्हीं दोनों ने मिलकर इतने बड़े एग्जाम का पेपर लीक करा दिया। मामले में गिरफ्तार सभी आरोपित पटना के बेऊर जेल में बंद हैं।

**आरोप-प्रत्यारोप**

## नीट मामले में तेजस्वी का बचाव करने पर मनोज झा को विजय सिन्हा का करारा जवाब

नीट मामले पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने आरोप लगाया था कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपी सिकंदर यदुवेन्दु का कनेक्शन राजद नेता तेजस्वी यादव के सचिव प्रीतम के साथ था। राजद के प्रवक्ता मनोज झा ने इस आरोप को पूरी तरह बेबुनियाद बताया। अब मनोज झा के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा है कि मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उनकी विद्वता प्रकट होती रहती है। लेकिन मैं बता दूं पद के लिए पैर पकड़ने वाले हम लोग नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम लोग सम्मान के लिए स्वाभिमान छोड़ने वाले नहीं हैं और सामाजिक ताना-बाना में जातीय उन्माद पैदा करने की मानसिकता के साथ जिस राजद की गोद में वो बैठे हुए हैं, उससे वह मुक्त हो जाएं। बंधुआ मजदूरी करने वाले लोग न समाज के हितैषी हैं, ना राष्ट्र के हितेषी। सच को स्वीकार करने की ताकत रखें। विजय सिन्हा ने कहा, राजद का कल्चर अपराध और भ्रष्टाचार को पोषित, प्रशिक्षित और प्रेरित करना है। तेजस्वी पर निशाना साधते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि सोने के चम्मच को लेकर पैदा होने वाले लोग हकीकत नहीं जान पाते। जमीनी हकीकत को उन्होंने ना तो देखा है ना देखने का प्रयास कर रहे हैं।

### नीट पेपर लीक मामले में जो भी दोषी हो, कार्रवाई होनी चाहिए : तेजस्वी



बिहार में नीट पेपर लीक मामले में बयानबाजी तेज हो गई है। अब, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि पूरे मामले की जांच के साथ ही जो भी दोषी मिले, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि प्रदेश में सरकार उनकी, केंद्र में सरकार उनकी, जांच एजेंसी उनकी, तो फिर क्या है।

### नीट मामले में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए अजय राय



यूजीसी-नेट और नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर कांग्रेस ने लखनऊ में शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। विधानसभा घेरने जा रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस की बीच झड़प हो गई। कांग्रेसियों ने लगी बैरिकेडिंग को तोड़ने का भी प्रयास किया। इस मौके कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हिरासत में लिया गया है।

**ब्रीफ न्यूज**

### दिल्ली में जल संकट को लेकर आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन शुरू




**नई दिल्ली।** आप की नेता और दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन शुक्रवार दोपहर से जंगपुरा के भोगल इलाके में शुरू हो गया। अनशन पर बैठने से पहले वह मुख्यमंत्री आवास पहुंची और सुनीता केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह के साथ राजघाट गईं। राजघाट पहुंच कर उन्होंने महात्मा गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए और अनशन पर बैठने के लिए भोगल रवाना हो गईं। दिल्ली में चल रहे जल संकट को लेकर आतिशी ने अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और केंद्र सरकार दोनों ही दिल्ली के लोगों को पानी के लिए तरसा रही है। जनता त्राहिमाम कर रही है और हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रही है। इसलिए अब अनिश्चितकालीन अनशन की शुरूआत की जा रही है। आतिशी ने बताया कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया गया। फिर भी हरियाणा ने पानी नहीं दिया, इसलिए अब मजबूरन 'पानी सत्याग्रह' करना पड़ रहा है।

### नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से पहले ममता ने इस मांग के साथ पीएम को लिखा खत



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने तीन आपराधिक कानूनों को लेकर अपना विरोध दर्ज किया है और इसे लागू नहीं करने का आग्रह भी किया है। बता दें कि ये तीनों आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी का पत्र ऐसे समय में आया है जब 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने वाला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खत में लिखा, "आपको याद हो तो पिछले साल 20 दिसंबर को आपकी सरकार ने इन तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को एकतरफा और बिल्कुल भी बहस के बिना पारित कर दिया था। उस दिन लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के कुल 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था। लोकतंत्र के उस काले समय में विधेयकों को तानाशाही तरीके से पारित किया गया। इस मामले की अब समीक्षा की जानी चाहिए। मैं अब आपसे आग्रह करती हूं कि कम से कम नए कानूनों को कार्यान्वयन करने की तारीख को टालने पर विचार करें।"

### पंजाब सरकार पठानकोट की लीची के निर्यात के लिए उठाएगी कदम



**पंजाब।** पंजाब के बागवानी मामलों के मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए पठानकोट की लीची का निर्यात करने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने पठानकोट में राज्यस्तरीय लीची प्रदर्शनी के मौके पर यह बात कही। मंत्री ने कहा कि पठानकोट जिला पंजाब में सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली लीची का उत्पादन करता है। इसका राज्य के लीची उत्पादन में 60 प्रतिशत का योगदान है। उन्होंने कहा, लीची उत्पादन के बारे में किसानों की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि पठानकोट जिले की लीची अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचे। इस उद्देश्य के लिए लीची की पहली खेप जल्द ही विदेशों में निर्यात की जाएगी। जौड़ामाजरा ने यह भी कहा कि भूमिगत जल स्तर तेजी से गिर रहा है। इसे रोकने का एकमात्र उपाय किसानों को धान और गेहूं की खेती से बागवानी फसलों की ओर स्थानांतरित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि पठानकोट जिला लीची की खेती के लिए आदर्श है और उत्पादन और बिक्री बढ़ाकर लीची किसानों का लाभ बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जौड़ामाजरा ने कहा कि पंजाब में लगभग 3,900 हेक्टेयर क्षेत्र पर लीची की खेती हो रही है। इसमें पठानकोट में लगभग 2,200 हेक्टेयर क्षेत्र है।

### कोयला तस्करी मामले में बंगाल में सीबीआई ने ईसीएल के दो अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोयला तस्करी की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने गुरुवार को ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के अधिकारी और एक सिविल ठेकेदार को केंद्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को केंद्रीय एजेंसी की टीम गिरफ्तार दोनों लोगों को लेकर निजाम पैलेस से आसनसोल स्थित विशेष सीबीआई अदालत के लिए रवाना हुई है। ईसीएल काजोरा क्षेत्र के जीएम (आइईडी) नरेश चंद्र साहा और पेशे से सिविल कॉन्ट्रैक्टर अश्विनी कुमार यादव को कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिये बुलाया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक इनसे देर रात तक पूछताछ हुई और बयानों में विसंगतियों के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों को लेकर खुद सीबीआई के एसपी उमेश कुमार कोर्ट पहुंचे हैं। इन्हें हिरासत में लेने की अर्जी लगाई गई है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक इन दोनों को कोयला तस्करी मामले में संलिप्तता के चलते गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक ईसीएल अधिकारी पर कोयला मामले के आरोपितों में से एक अनूप मांझी उर्फ लाला से पैसे लेने का आरोप है। इसके अलावा आरोप है कि सिविल ठेकेदार अवैध कोयला सिंडिकेट की आपूर्ति कर रहा था। इसीलिए केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार किया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**वृषभ** — मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मिथुन** — व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

**कर्क** — आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**कन्या** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला** — स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**धनु** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मकर** — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**कुम्भ** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**चरणजीत सिंह चन्नी का मान सरकार पर हमला**

## केजरीवाल पर कसा तंज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले आप पार्टी के नेता मीटिंग करते हैं, लेकिन इनसे किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता। साथ ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर हाई कोर्ट से रोक लगने के बाद चुटकी ली। चन्नी ने कहा कि आज पंजाब के पश्चिमी इलाके में गंदा पानी आ रहा है। दो साल हो गए, आप पार्टी की सरकार को सत्ता में आए, लेकिन इनकी सरकार ने किसी भी ट्यूबवेल की मरम्मत नहीं की। इलाके का पानी इतना गंदा है कि कोई इससे नहा भी नहीं सकता, पीने की बात तो दूर। चन्नी ने कहा कि इसी तरह गलियों में सीवरेज का गंदा पानी बह रहा है। आप पार्टी



को चाहिए था कि सवा दो साल में वह जनता के लिए कुछ बेहतर सोचे, लेकिन मान सरकार ने ऐसा नहीं किया। चन्नी ने कहा कि अब इस पार्टी के नेताओं को हराने का समय आ गया है। चन्नी ने कहा कि दो साल में इनकी सत्ता के दौरान लूटपाट, नशा सहित कई बुरे काम काफी बढ़ गए हैं, लेकिन इनका लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह फेल है। वहीं केजरीवाल की जमानत को लेकर चन्नी ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पता लगा है कि बॉर्डर पर लड़ाई लड़ने के लिए सीएम केजरीवाल गए हुए थे।

## मप्र. के स्कूल व कॉलेज में पढ़ाए जाएंगे राम और कृष्ण के पाठ

एजेंसी

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य की उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा में राम और कृष्ण के पाठ पढ़ाए जाएंगे। राज्य की राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने योग दिवस के मौके पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, रामपथ गमन और श्री कृष्ण पथ गमन दो परियोजनाओं को राज्य सरकार ने अपने हाथ मे लिया है। भगवान राम और कृष्ण राज्य में जिन-जिन स्थानों पर गए हैं, उन स्थानों को राज्य सरकार ने तीर्थ स्थल के तौर पर विकसित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आगामी योजना का जिक्र करते हुए



कहा, भगवान राम और कृष्ण की उपलब्धियों को उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में भी शामिल करने वाले हैं। भाजपा की घोषणा पत्र में भी जो बातें कही गई हैं उन पर सरकार गठन के बाद से फैसला लेना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि राज्य में राम पथ गमन योजना पर सरकार लंबे अरसे से काम कर रही है। यह वे स्थल हैं जहां से भगवान राम वनवास काल में गुजरे थे। इन स्थलों को विशेष तौर पर विकसित कर तीर्थ स्थल बनाने की सरकार की योजना है।

**वन्यजीव अभयारण्यों के भीतर जल स्रोतों का निर्माण व रखरखाव जरूरी**

# बेजुबान जानवरों की भी फिक्र हो

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर वर्ष 2023 तो सबसे गर्म वर्ष माना ही गया, मगर 2024 में स्थितियां और भी विकट लग रही हैं। भारतीय मौसम विभाग की पूर्व में दी गई चेतावनी सच साबित हो रही है और चरम हीटवेव या गर्म लहरों से भारत का अधिकांश हिस्सा झुलस रहा है। इस साल दिल्ली कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री के पार पहुंच चुका है। राजस्थान में बीएसएफ के एक जवान द्वारा रेत में पापड़ तलने का वायरल वीडियो सारे देश ने देखा। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एन्वॉयरनमेंट (सीएसई) के अनुमान के अनुसार, गर्मी से जून की शुरूआत तक देश में कम से कम 219 लोगों की मौत हो गई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में ये गर्म लहरें अब लंबी, तीव्र और लगातार होती जाएंगी। ये विकट



*विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में ये गर्म लहरें अब लंबी, तीव्र और लगातार होती जाएंगी।*

परिस्थितियां वन्यजीवों तथा पादप प्रजातियों के लिए भी समान रूप से घातक हैं। भारत एक उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्र है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। यह स्थिति निरंतर गहरा रही है। असहनीय गर्मी से मनुष्यों के साथ ही जीव-जंतुओं की मौतें भी बढ़ रही हैं। हिमालय से लेकर महासागर तक विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न प्रकार की जीव और पादप प्रजातियां रहती हैं। इनमें कुछ जीव और पादप ऐसे हैं, जो अत्यंत ठंडे या बर्फीले इलाके में रहते हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं, जो गर्म इलाकों में जीवित रह सकते हैं। लेकिन गर्मी और ठंड के संतुलन की जो प्राकृतिक व्यवस्था है, उसमें गड़बड़ी या असंतुलन हो जाने से जीवधारियों के साथ ही पादपों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। गर्मी बेजुबान वन्यजीवों के लिए गंभीर संकट पैदा करती है। कई जानवर, विशेष रूप से वे, जो अत्यधिक गर्मी के अनुकूल नहीं हैं, अधिक गर्मी से पीड़ित होते हैं। अत्यधिक गर्मी से निर्जलीकरण और हाइपरथर्मिया जैसी समस्याओं से उनकी मृत्यु तक हो जाती है।

वन्यजीव अक्सर गर्मी से बचने के लिए रात में अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे उनके भोजन और सहवास का पैटर्न बाधित हो सकता है। जल स्रोत सूखने से उनके लिए पानी की कमी होती है, जिस कारण जानवरों को पानी की तलाश में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे शिकार और मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ जाता है। उच्च तापमान और वर्षा की कमी से वनस्पति भी सूख जाती है, जिससे शाकाहारी जानवरों और उन पर निर्भर मांसाहारी जानवरों के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है।



## आज का मैच

यूएस बनाम वेस्टइंडीज
प्रातः 06.00 बजे से
स्टेडियमः केनिंग्सटन ओवल स्टेडियम

भारत बनाम बांग्लादेश
शाम 08.00 बजे से
स्टेडियमः सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम

## एक नजर

### अफगानिस्तान पर जीत के बाद जडेजा बने फील्डर नंबर 1

**नई दिल्ली।** भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद 'फील्डर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता। भारत ने मैच 47 रन से जीतकर सुपर आठ अभियान की शानदार शुरूआत की, जिसमें सूर्यकुमार यादव ने शानदार अर्धशतक लगाया और मैन इन ब्लू ने 20 ओवर में 181/8 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट चटकाए और अफगानिस्तान को 20 ओवर में 134/10 पर समेट दिया। जडेजा ने सात रन बनाए, एक विकेट लिया और तीन कैच भी पकड़े। ऑलराउंडर ने अपने शानदार कौशल से मैदान पर कुछ रन भी बचाए। बीसीसीआई ने पदक समारोह का वीडियो एक्स पर पोस्ट किया।

### बुमराह का प्लेइंग-11 में शामिल रहना भारत के लिए वरदानः मांजरेकर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने गुरुवार को बारबाडोस में टी20 विश्व कप सुपर-8 मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ (3-7) के आंकड़े के साथ शानदार गेंदबाजी के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना की। भारत ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराकर अपने सुपर-8 अभियान की शानदार शुरूआत की। मांजरेकर ने प्लेइंग-11 में बुमराह के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम भाग्यशाली है कि उन्हें अंतिम 11 में शामिल किया गया। सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की बदौलत जीत के लिए 182 रनों का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव ने दो विकेट चटकाए।

# सूर्या-हार्दिक अफगानिस्तान पर जीत के हीरो : रोहित

**एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को टी20 विश्व कप में सुपर-8 मुकाबले में अफगानिस्तान पर 47 रनों की जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या के बीच 60 रनों की साझेदारी को श्रेय दिया। दोनों बल्लेबाजों ने 11वें ओवर में मध्यक्रम में मिलकर पांचवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम को 150 रनों के पार पहुंचाया। सूर्यकुमार ने 28 गेंदों पर तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 53 रनों की पारी खेली, जबकि हार्दिक पांड्या ने 32 रन बनाए, जिससे भारत ने 20 ओवर में 181/8 का स्कोर बनाया। रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हर कोई जो मैदान पर आकर अपना काम कर रहा है, वह हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हम इस पर ध्यान देते हैं।



इसलिए हम इस बारे में बात करते रहते हैं कि अगर हर कोई अपनी भूमिका निभा सकता है, तो हम अपने लिए एक अच्छा मंच तैयार कर सकते हैं। उस समय सूर्या और हार्दिक की साझेदारी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी क्योंकि हम लगातार विकेट खो रहे थे। इसलिए हमें किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो क्रीज पर रहे। सूर्या ने हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर ऐसा किया और अंत में यह एक शानदार साझेदारी रही। 182 रनों का पीछा करते हुए, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट चटकाए और अफगानिस्तान को 20 ओवरों में 134 रनों पर समेट दिया। बुमराह ने अपने चार ओवरों में 3-7 के शानदार आंकड़े के साथ वापसी की और रहमानुल्लाह गुरबाज (11), हजरतुल्लाह जजई (2) और नजीबुल्लाह जादरान (19) के महत्वपूर्ण विकेट लिए। रोहित ने कहा कि बुमराह अपनी भूमिका को अच्छी तरह समझते हैं और हमेशा चुनौती लेने के लिए तैयार रहते हैं। कप्तान ने कहा, हम उसकी क्लास जानते हैं। हम जानते हैं कि वह हमारे लिए क्या कर सकता है और हमारे लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि हम उसका समझदारी से इस्तेमाल करें। भारत ने अपने स्पिन आक्रमण को मजबूत करने के लिए कुलदीप यादव को अपनी प्लेइंग 11 में शामिल किया और इस कदम से टीम को फायदा भी मिला। रोहित ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया और कहा कि वे परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करेंगे।

# राशिद के खिलाफ अपने प्रदर्शन से खुश हूं : सूर्यकुमार

**एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

टी20 विश्व कप सुपर 8 मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 28 गेंदों पर 53 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार यादव ने राशिद खान की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताया। गुरुवार रात केंसिंग्टन ओवल में अपनी 53 रनों की पारी के दौरान, सूर्यकुमार ने राशिद की छह गेंदों पर 16 रन बनाए और अपनी टीम को 181/8 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। मैच के बाद दुनिया के नंबर-1 टी20 बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे खिलाड़ी के



खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया, जिसे वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। सूर्यकुमार ने कहा, मैंने पहले भी यह कहा है और मैं फिर से कहूंगा कि राशिद का सामना करना आसान नहीं है। वो दुनिया का सबसे अच्छा गेंदबाज है। आप उसे हावी नहीं होने दे सकते। आपको एक कदम आगे रहना होगा। लेकिन मैं उनके खिलाफ इस प्रदर्शन से खुश हूं।

## हैट्रिक लेकर कमिंस ने रचा इतिहास

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार 5वीं जीत

**एजेंसी। नार्थ साउंड (एंटीगा)**

टी20 विश्व कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन जारी है। टूर्नामेंट के चौथे सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया और लगातार 5वीं जीत दर्ज की। साथ ही पैट कमिंस ने हैट्रिक लेकर एक नया इतिहास भी रचा है। बारिश से प्रभावित मैच में ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ-लुईस नियम से यह जीत हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 140 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार शुरूआत करते हुए 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर



100 रन बना लिए, तभी बारिश की वजह से मैच रोकना पड़ा। खराब मौसम और तेज बारिश के कारण यह मैच यहां से आगे नहीं बढ़ पाया और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच डकवर्थ लुईस स्टर्न मेथड से 28 रन से जीत लिया। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली। यह टूर्नामेंट के इतिहास का कुल सातवां और इस संस्करण का पहला हैट्रिक है।

टी20 विश्व कप में ब्रेट ली के बाद यह कारनामा करने वाले कमिंस दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने हैं। कर्टिस कैमफर, वानिंदु हसरंगा, कगिसो रबाडा, कार्तिक मयप्पन और जॉश लिटिल भी हैट्रिक ले चुके हैं। पहले स्पेल में कोई विकेट नहीं मिलने के बाद कमिंस ने 18वें ओवर और 20वें ओवर को मिलाकर अपनी हैट्रिक पूरी की है।

18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर बैक ऑफ लेंथ फेंकी थी जिसे महमुदुल्लाह अपने विकेट में अंदरूनी किनारे से मार बैठे। अगली गेंद भी उसी लाइन और लेंथ पर थी जिसे मेहदी हसन ने अपर कट करने का प्रयास किया और डीप थर्ड पर कैच थमा बैठे। जब कमिंस पारी का अंतिम ओवर डालने आए तो उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गति की गेंद से शुरूआत की और इस गेंद को तौहीद हृदोय ने शॉर्ट फाइन लेग के हाथों में स्कूप कर दिया। इस तरह उनका हैट्रिक पूरा हुआ।

# 10वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

10वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोराबादी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव साझा राजकिशोर खाखा एवं विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने योग कार्यक्रम का उद्घाटन एवं सभी योग प्रेमियों को संबोधित किया। आगंतुकों का स्वागत जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी ने किया जबकि योग के कई स्थानों पर मंच का संचालन वरीय




प्रशिक्षक अजय झा ने किया। इस अवसर पर लालकीमी ख्यांगते, करूणा पूर्ति, सुश्री नुपुर टोप्पो, हरीश कुमार, राजू साहू, रजनीश कुमार, तपन कुमार राउत,पे एंड प्ले के खिलाड़ी एवं कई योग प्रेमी उपस्थित हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डे बोर्डिंग खो-खो बालक प्रशिक्षण केन्द्र पर सभी खिलाड़ियों के द्वारा योग कार्यक्रम के तहत योगासन का अभ्यास कराया गया।

### बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कियाः मार्श

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने शुक्रवार को टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत 28 रनों की जीत के बाद अपनी टीम के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की।
पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए, पैट कमिंस की हैट्रिक और एडम जम्पा के दो विकेटों ने बांग्लादेश को 20 ओवरों में 140/8 पर रोक दिया। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और तौहीद हृदय के क्रमशः 40 और 41 रनों की बदौलत टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची।

## कोटा बदलाव को स्वीकार करने के बाद श्रेयसी भारतीय निशानेबाजी टीम से जुड़ीं

**संवाददाता। नई दिल्ली**

अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा कोटा बदलाव का आग्रह स्वीकार करने के बाद पेरिस ओलम्पिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में जोड़ दिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चूंकि मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पधाओं दोनों के लिए क्वालीफाई किया है। इन में से एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाज के लिए निर्धारित है जिससे श्रेयसी को टीम में जगह



मिल गयी। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, हमने आईएसएसएफ से 10 मीटर एयर पिस्टल महिला से एक कोटा स्थान को ट्रैप महिला से बदलने का आग्रह किया था और हमें इसे मंजूर किये जाने पत्र प्राप्त हुआ है। इसके परिणामस्वरूप श्रेयसी सिंह को पहले से प्रकाशित 20 नामों की सूची से जोड़ दिया गया है।

## सेकेंड हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप 2024

# झारखंड महिला टीम के ट्रायल में 150 खिलाड़ी शामिल

**रांची।** 24 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक गुवाहाटी असम में आयोजित सेकेण्ड हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 के लिए हॉकी झारखंड टीम गठन के लिए आज महिला हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में आयोजित हुई। महिला वर्ग का चयन ट्रायल में सिमडेगा,



खूंटी, गुमला, रांची, हजारीबाग सहित झारखंड के अन्य जिला से कुल 150 हॉकी खिलाड़ी सामिल हुए। इन 150 खिलाड़ियों मैं से 25 खिलाड़ी चयनित किए गए है, जिनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उनमे से बेहतर 18 खिलाड़ियों को चयनित कर उक्त प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। हॉकी झारखंड के महासचिव सह मुख्य चयनकर्ता विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस चयन ट्रायल में हॉकी झारखंड के कई लोग उपस्थित थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### शेयर बाजार : सेंसेक्स 269 अंक फिसला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को मुनाफावसूली हावी रही। बाजार के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 269 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,209 और निफ्टी 65 अंक या 0.28 प्रतिशत फिसलकर 23,501 पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में एनएसई पर नकारात्मक रुझान देखा गया। बढ़ने वाले शेयरों की अपेक्षा गिरने वाले शेयरों की संख्या अधिक थी। बैंकिंग शेयरों में भी कारोबारी सत्र में गिरावट हुई। बैंकिंग निफ्टी 121 अंक या 0.24 प्रतिशत गिरकर 51,661 पर बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर कारोबारी सत्र में दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 44 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 55,429 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31 अंक या 0.17 प्रतिशत फिसलकर 18,235 पर बंद हुआ।

### भारत को अगले पांच साल में मिलेंगे 150 से ज्यादा नए यूनिकॉर्न : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अगले 3 से 5 साल में 31 शहरों के 152 भारतीय स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं। फिलहाल इनकी संख्या 67 है। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हारून इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 में बताया गया है कि 2024 में भारत में 67 यूनिकॉर्न, 46 गजेल्स और 106 चीता हैं। वहीं, 2023 में 68 यूनिकॉर्न, 51 गजेल्स और 96 चीता थे।
रिपोर्ट के अनुसार, यूनिकॉर्न का मतलब उन स्टार्टअप से है जो 2000 के बाद स्थापित हुए हैं और उनका वैल्यूएशन एक अरब डॉलर है।

# पिछले दो वर्ष में स्पेस स्टार्टअप की संख्या 200 गुना बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में पिछले दो वर्ष में स्पेस सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप की संख्या में 200 गुना का इजाफा हुआ है। इसकी वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्पेस सेक्टर को निजी कंपनियों के लिए खोलना है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जितेंद्र सिंह की ओर से ये जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा स्पेस सेक्टर में बड़े स्तर पर निजी और सरकारी कंपनियों को मौका दिया गया है। इस कारण वैश्विक स्पेस अर्थव्यवस्था में 2021 के मुकाबले 2030 में भारत की हिस्सेदारी चार गुना हो जाएगी।

स्पेस डिपार्टमेंट के 100 दिनों के एक्शन प्लान पर उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय मंत्री ने भारत के स्पेस सेक्टर की वर्तमान स्थिति, अवसरों और भविष्य के स्पेस मिशनों का जायजा लिया। इस बैठक में इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ सहित राष्ट्रीय स्पेस एजेंसी के उच्च अधिकारी भी



मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2022 में देश में स्पेस स्टार्टअप की संख्या एक थी, जो 2024 में बढ़कर 200 पर पहुंच गई। 2023 में भारत के स्पेस सेक्टर में करीब 1,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

आगे कहा कि स्पेस सेक्टर करीब 450 एमएसएमई के साथ मिलकर काम करता है, जोकि प्रधानमंत्री के अमृतकाल के विजन 'सबका प्रयास' की पुष्टि करता है। इसके अलावा जितेंद्र सिंह ने कहा कि वैश्विक स्पेस अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 2021 में दो प्रतिशत था, जो कि 2030 तक 8 प्रतिशत होने की संभावना है और फिर 2047 तक ये बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

## वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ की बजट से पहले बैठक

# किसान संघों ने की किसानों को मिलने वाली सहायता राशि बढ़ाने की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की। बैठक में किसान संघों ने आगामी आम बजट 2024-25 में किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की मांग की। मंत्रालय के मुताबिक आम बजट 2024-25 को लेकर किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ चौथे बजट-पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, कृषि और कॉर्पोरेट मामलों के वरिष्ठ अधिकारी और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।




### एसबीआई चेयरमैन ने सीतारमण को 6959.29 करोड़ का लाभांश चेक सौंपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक प्राप्त किया। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 857.16 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 857.16 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक प्राप्त किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधु सक्सेना ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 857.16 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा।

### जून में व्यापार गतिविधियों में हुई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की कारोबारी गतिविधियों में जून में बढ़त हुई है और इसके साथ ही कर्मचारियों की नियुक्तियां 18 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एचएसबीसी की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए पीएमआई डेटा से ये जानकारी मिली है। डेटा में बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय बिक्री और नए ऑर्डर बढ़ने के कारण रोजगार में बढ़त देखने को मिली है।
जून में सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बढ़त होने के कारण बड़ी कंपनियों की ओर से स्टाफ को पिछले 18 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ाया गया है।
सर्विस सेक्टर का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जून 2024 में बढ़कर 60.4 हो गया है, जो कि मई 2024 में 60.2 पर था। वहीं, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का पीएमआई जून में बढ़कर 58.5 हो गया है, जोकि पिछले महीने 57.5 पर था। मई में भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां गिरकर तीन महीने के निचले स्तर 57.5 पर पहुंच गई थी। इसकी वजह हीटवेव थी, जिसके कारण वॉल्यूम पर असर हुआ।

# भारतीय ज्वेलरी सेक्टर की आय बीते 5 साल में एक लाख करोड़ रुपये बढ़ी : रिपोर्ट

**एजेसी। मुंबई**

भारत के ज्वेलरी रिटेल सेक्टर में बीते पांच वर्षों में रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज की गई है। इसकी आय 2024 में बढ़कर 6,40,000 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि 2019 में 5,04,400 करोड़ रुपये थी। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट में बताया गया कि हॉलमार्किंग के कारण उत्पादों को



लेकर बढ़ते विश्वास और लोगों की आय बढ़ना इसकी प्रमुख वजह है। ब्रोकरेज फर्म ने अपने अनुमान में बताया कि ज्वेलरी इंडस्ट्री 15 से 16 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ वित्त वर्ष 2028 तक 145 अरब डॉलर का आंकड़ा छू सकती है। वित्त वर्ष 19 से 24 के बीच में ज्वेलरी सेक्टर की आय करीब 8 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है और इसमें संगठित क्षेत्र की वृद्धि दर करीब 18 से 19 प्रतिशत रही है।

# क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 64 हजार डॉलर से भी नीचे

## टॉप 10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज में कमजोरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम जैसे हालात नजर आ रहे हैं। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। इस दबाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। आज के कारोबार में बिटकॉइन 3 प्रतिशत से भी ज्यादा




टूट कर 64 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे पहुंच गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 3.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,953.29 डॉलर यानी 53.45 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,502.37 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 3.48 प्रतिशत, सोलाना 6.21 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.74 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.39 प्रतिशत, टॉनकॉइन 1.84 प्रतिशत और काडानो 2.61 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## मुख्यमंत्री से चैंबर के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात

**रांची ।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को छह जुलाई को आयोजित होने वाले सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, स्टार्टअप कमेटी के चेयरमैन अमित अग्रवाल और ट्राइबल वीमेन एंटरप्रेन्योर सब कमेटी की चेयरमैन माला कुजूर शामिल थीं।

## पृष्ठ एक के शेष

**गरीबों और किसानों को लघु...**

कारणवश बंद पड़े हैं, उनका सर्वेक्षण करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों का नए सिरे से एलॉटमेंट कर उन्हें पुनर्जीवित करें। बंद पड़े औद्योगिक इकाइयां पुनर्जीवित होगी तो हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई औद्योगिक नीति के तहत 75% नियोजन स्थानीय लोगों को मिले यह हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जिस क्षेत्र में औद्योगिक संस्थाएं स्थापित हुई हैं उन क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को नियोजन में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क, बिजली, पानी सहित सुरक्षा, साफ-सफाई के बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जीडको के कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्लास्टिक पार्क, फार्मा पार्क, पीएम गतिशक्ति योजना, पीएम एकता मॉल तथा स्फूर्ति योजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, रांची के निर्माण कार्य एवं जिला उद्योग केंद्र की मरम्मती सहित जीडको की कई विभिन्न योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एमडी जियाडा शशि रंजन, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, सीईओ राज्य खादी बोर्ड सुमन पाठक, एमडी झारक्राफ्ट कृति श्री, निदेशक हस्तकरघा आकांक्षा रंजन सहित जीडको के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

**कुजरूम के ग्रामीणों ने..**

खरीदने प्रस्ताव दिया था। उसके बावजूद भी अपनी मनमानी की गई है। जिसका हिसाब उन्हें ग्राम सभा में देना होगा। आगे उन्होंने डीएफओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि पोलपोल में जो भवन निर्माण किया जा रहा है। उसमें डीएफओ कुमार आशीष के द्वारा अनपढ़ लोगों के बैंक खाता खुलवा दिया गया है। पैसे की कितना निकासी हो रही है उसकी कोई लेखा जोखा नहीं है। खर्च किए गए पैसे का कोई अभिलेख तक तैयार नहीं किया गया है। इधर डीएफओ कुमार आशीष से पक्ष कथन लेने के लिए संपर्क किया गया। मगर संपर्क नहीं हो सका।

मौके पर मुखिया रूपमानी नागेसिया मायापुर मुखिया सह मुखिया जिला संघ अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ग्राम प्रधान उपेंद्र उरांव, रीमिश उराव, रामचंद्र उरांव, लिवन उराव, भगलू उरांव, मंजित उरांव, सुशीला देवी, सुविनता देवी,जासो देवी विगनी देवी, राजमनी देवी सरिता देवी, शांति देवी अनीता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**नीट परीक्षा में चीन की तरह...**

के ट्रांसमिशन को रोकने का काम भी करते हैं। जिसके कारण चीटिंग करना मुश्किल हो जाता है। हर परीक्षा केंद्र पर चेकिंग के कई सारे प्वाइंट्स बना दिए गए हैं। बायोमेट्रिक जांच होगी, फिंगरप्रिंट चेक करेंगे, फिर मेटल डिटेक्टर से गुजरना होगा, उसके बाद कोई छात्र परीक्षा देने के लिए आगे बढ़ सकेगा। ऐसे में यदि पेपर लीक करने की कोशिश की, तो वो पहले ही पकड़ा जाएगा। इसके अलावा, यदि कहीं कोई गड़बड़ हो भी रही है, तो जनता को भी समय रहते रिपोर्ट करने को कहा गया है। उसके लिए ऐसी परीक्षा के समय एक फोन नंबर जारी किया जाता है, जहां पर आसानी से शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। चीन ने किसी एक मंत्रालय तक इसकी जिम्मेदारी नहीं छोड़ा है, बल्कि अलग-अलग पहलू संभालने के लिए अलग-अलग मंत्रालयों को जिम्मेदारी सौंपने का काम किया गया है। पब्लिक सिक्योरिटी, नेशनल सिक्योरिटी और स्टेट इंटरनेट इंफॉर्मेशन ऑफिस को किसी भी परीक्षा के समय सक्रिय रूप से शामिल किया जाता है। पेपर लीक में कोई दोषी पाया गया, तो चीन में सात वर्ष के लिए जेल व जुमार्ना का भी नियम है। ऐसे में शी के मित्र मोदी के राज में पेपर लीक रोकने के लिए इस तरह की व्यवस्था क्यों नहीं हो रही है?

**एक करोड़ रुपया नगद और एक...**

के जमीन से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किया है। पूर्व में इस मामले में हेमंत सोरेन, रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन, झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित कुल 21 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेखर कुशवाहा जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया जाने वाला 22वां अभियुक्त था। फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री के मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया कि शेखर बड़गाईं अंचल के गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में शामिल है। ईडी द्वारा कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद इस जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित जानकारी मिली थी। बताया जा रहा है कि कांके थाना पुलिस ने रिवर व्यू गार्डन के मालिक और जमीन माफिया कमलेश को अक्टूबर 2021 में गिरफ्तार किया था। कमलेश कांके के चामा नगड़ी में एक आदिवासी जमीन पर जबरन जेसीबी लेकर पहुंचा था। जमीन मालिक की सूचना पर पुलिस ने कमलेश के साथ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था। मूलरूप से जमशेदपुर के सीताराम डेरा थाना क्षेत्र के भुईंयाडीह निवासी कमलेश का रांची में कोकर के चेशायर होम रोड में अपना मकान है। कमलेश पर कांके स्थित लॉ कॉलेज से सटे रिंग रोड के किनारे करीब 25 एकड़ गैरमजरुआ जमीन पर रिवर व्यू प्रोजेक्ट खड़ा करने का आरोप है। फर्जी दस्तावेज के सहारे लॉ कॉलेज और जुमार नदी की 20.59 एकड़ जमीन हड़प लिया था। मिट्टी डालकर जमीन को समतल किया जा रहा था। कांके के तत्कालीन सीओ के निर्देश पर 27 नवंबर, 2020 को कांके अंचल अधिकारी ने एफआइआर दर्ज कराई थी, जिसमें लॉ यूनिवर्सिटी के पीछे स्थित रिंग रोड से सटे जुमार नदी, गैरमजरूआ जमीन और बीएयू की अधिग्रहित जमीन पर कब्जा करने का भी आरोप है। मामला जब तूल पकड़ा तो जांच एसीबी को सौंप दी गई। एसीबी जांच में भी फजीर्वाड़े की पुष्टि हुई है।

**पिस्तौल के बल पर...**

रूक गई। खतरा को भांपते हुए अपहरण कर्ता बोलेरो पर सवार हो कर मनिका की तरफ भाग निकले। गस्ती पर निकली सतबरवा पुलिस के साथ एएसआई बशंत दुबे घटना स्थल पर तुरंत पहुंचे। जानकारी मिलते ही पुलिस ने बोलेरो के पीछे भागी पर बोलेरो पुलिस के पहुंच से दूर निकल चुकी थी। संचालन दीपक प्रसाद ने सतबरवा थाना में छह अज्ञात लोगों पर बेटा, बेटी को अपहरण करने का प्रयास की एफआईआर दर्ज कराई है। इस घटना से पूरे सतबरवा के व्यवसायियों में दहशत व आक्रोश व्याप्त है।

**असीम संभावनाओं से भरा है...**

का उत्पादन होता है। लाह बगान में जितने पेड़ हैं, उन पर साल में करीब 40 करोड़ रुपए का लाह उत्पादन हो सकता है। लैक प्रोसेसिंग यूनिट का काम अभी तक नहीं शुरू हो सका है। जानकारी के अनुसार 2018 में सरकारी स्तर से लैक प्रोसेसिंग यूनिट के साथ में भट्ठी का निर्माण कराया गया। इसमें उत्पादित लाह से अधिक मुनाफा की संभावना जताई गई थी। निर्माण कार्य में लाखों रुपया खर्च भी किए गए। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण बैंक प्रोसेसिंग यूनिट बंद पड़ा है। वन विभाग ने उत्पादित लाह की नीलामी द्वारा बिक्री कर दी गई है। जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलने का अवसर समाप्त हो गया।

**कई काम में होता है लाह का...**

राष्ट्रीय पहचान मिली, लेकिन समय के साथ यह योजना आग नहीं बढ़ पायी। 2019 में सहयोग समिति की मांग पर सरकार ने सखी मंडलों को लाह पोषक वृक्षों को वृक्ष का पट्टा के रूप में आवंटित किया। पिछले पांच वर्षों में कोई सकारात्मक काम जेएसपीएलएस द्वारा नहीं किया गया। बहराल कुंदरी लाह बगान का विकास से यहां हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण का काम भी होगा। लाह की खेती बटन लेक, सीलिंग बैक्स, हर्बल गुलाल, इको फ्रेंडली पार्क के माध्यम से रोजगार का अवसर कुंदरी लाह बगान से मिल सकता है। जिस पर सरकार को विचार-मंथन करने की जरूरत है।

# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना एप्लीकेशन मॉड्यूल का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग विभाग की उच्च स्तरीय बैठक कहा कि राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का लाभ यहां की गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को सुलभता के साथ सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के ₹ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल₹ का शुभारंभ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के लिए जिन बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उनके द्वारा 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना जैसी अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। ऐसे में हमें यह प्रयास करना होगा कि यहां के उच्च शिक्षण संस्थानों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ कैंपस प्लेसमेंट की भी मजबूत व्यवस्था हो, ताकि यहां के विद्यार्थी अपने ही राज्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छा जॉब भी हासिल कर सकें। इस बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक तकनीकी शिक्षा सुनील कुमार, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के कार्यपालक निदेशक संजय कुजूर एवं महाप्रबंधक अविनाश कुमार दीपक , एचडीएफसी बैंक झारखंड जोनल हेड अभिषेक कुमार, क्लस्टर हेड रांची धर्मेंद्र कुमार, गवर्नमेंट बैंकिंग हेड श्री नवनीत गांधी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**चोरी गई वाहन**

**(स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–88/024 दिनांक–16.02.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल जिसका रजी0 नं0–**JH14J9621**, इंजन नं0–HA11EDNHB18842 एवं चेचिस नं0–MBLHAW122NHB46558 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

**PR 327156 Police(24-25)#D**

### झारखंड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

**अतिअल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा संख्या:- 1/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA     दिनांक:–20-06-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाखं) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 21/ 2023-24 | RCD पथ बाघबोथा से लोहरा डेरा तक पथ निर्माण कार्य (पार्ट– A) (लं0–1.400 कि0मी0) | 96.171 | छियानब्बे लाख सतरह हजार एक सौ रू0 मात्र। | 06 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 22/ 2023-24 | RCD पथ बाघबोथा से लोहरा डेरा तक पथ निर्माण कार्य (पार्ट– B) (लं0–0.700 कि0मी0) | 92.676 | बानबे लाख सडसठ हजार छः सौ रू0 मात्र। | 06 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 23/ 2023-24 | बनागुटू बाजारटॉड से लोटवा बगीचाटोली डुमकीटोली होते हुए जामटोली तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–3.00 कि0मी0) | 307.758 | तीन करोड़ सात लाख पचहत्तर हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 24/ 2023-24 | कोन्सा स्कूल आर0ई0ओ0 पथ से बरटोली पहाडटोली, बड़काटोली होते हुए सरना स्टेडियम तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–2.500 कि0मी0) | 291.374 | दो करोड़ एकानब्बे लाख सैतिस हजार चार सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 25/ 2023-24 | समशेरा करम्जटोली से डहुटोली, पिपरटोली अम्बाटोली होते हुए बांधटोली कुधा पखना तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–3.100 कि0मी0) | 350.236 | तीन करोड़ पचास लाख तेईस हजार छः सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.06.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–09.07.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.07.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभिंयंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

**PR.NO.327174 Rural Work Department(24-25):D**

### कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
### जिला- लातेहार

**खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 15/2023–24(3rd Call)**

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 01.07.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– **10' X 10'** | 50000.00 | 500.00 | 28.06.2024 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– **10' X 10'** | 50000.00 | 500.00 | 28.06.2024 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– **10' X 10'** | 50000.00 | 500.00 | 28.06.2024 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

**PR 327226 Urban Development(24-25).D**

### झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### उद्यान निदेशालय, झारखण्ड कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला
### संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला–835207

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0– 11 दिनांक–17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्रीय प्रायोजित कृषोन्नति योजना - Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) अन्तर्गत National Bamboo Mission (NBM) योजना कार्यान्वयन गुमला जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक 12.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृशि भवन, करमटोली रोड, गुमला में जमा कर सकते हैं।

| क्र0सं0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर) |
|---|---|---|
| 1 | सरकारी/स्थानीय निकाय/सामुदायिक भूमि में High Density Bamboo Plantation का कार्य | 01 Ha. |
| 2 | कृषकों के निजी भूमि पर बाँस रोपण का कार्य | 07 Ha. |

नोट :–1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्शों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पूर्व से बाँस रोपण/बाँस से निर्मित वस्तुओं का उत्पादन करने वाले कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. ST, SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) एवं Marginal Farmers का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एन0बी0एम0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 12.07.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेश जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला।

**PR.NO.327172 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D**

### समाहरणालय, चतरा
### (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
### sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य में विभागान्तर्गत स्वीकृत नये आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रमण्डल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन चतरा जिला में किया जाना निर्धारित है। उक्त प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित स्थल एवं तिथि की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र०सं० | दिनांक | ट्रायल का स्थान | खेल विद्या का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 28 एवं 29 जून, 2024 (सुबह 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक) | जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा | फुटबॉल(बालक/बालिका), एथलेटिक्स(बालक/बालिका), एवं तीरंदाजी(बालक/बालिका) |

उक्त चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–
1. आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षुओं के उम्र सीमा की गणना चालू वित्तीय वर्ष के 01 अप्रैल को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी (मान्य जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है)।
2. वैसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
3. सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षुओं के उम्र सीमा की गणना चालू वित्तीय वर्ष के 01 अप्रैल को 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी (मान्य जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है)।
4. खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।
5. मेडिकल फिटनेस – खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में उपयुक्त पाया जाना चाहिए।
6. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमत्ति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।
7. चयन मानक (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) के आधार पर परीक्षण परिणामों के आधार पर किया जायेगा।
8. उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा मो0 नं0–9455226589, जिला खेल समन्वयक, चतरा मो0 नं0–9334965759 तथा जितेन्द्र कुमार, अनुसेवक जिला खेल कार्यालय, चतरा मो0 नं0–8083771175 से सम्पर्क कर सकते है।

ह०/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा।

**PR.NO.327250 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25):D**

### नगर मिशन प्रबंधन ईकाई (DAY-NULM)
### नगर परिषद्, चतरा
### पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

**पथ विक्रेताओं के चुनाव संबंधी सूचना**

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के प्रावधानों के अनुसार पथ विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत समय रेखा (Time Line) निर्धारित की जाती हैः–

**टाउन वेंडिंग समिति के 12 सदस्यों का चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा Time Line**

विभागीय अधिसूचना 2005, दिनांक–05.04.2016 द्वारा अधिसूचित झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावाली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के नियम संख्या 14 के अनुसूची 1 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में टाउन वेंडिंग समिति के 12 सदस्यों के चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा **Time Line:-**

| क्र0 | चुनाव संबंधी कार्य के विभिन्न चरण | विवरण | तिथि का निर्धारण अधिसूचना जारी करने की तिथि 20.06.2024 |
|---|---|---|---|
| I | II | III | IV |
| 1 | टाउन वेंडिंग समिति के कुल निर्धारित 30 में से 12 सदस्यों के प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव से संबंधित अधिघोषणा जिसमें कोटि/लिंग आरक्षण रोस्टर वर्णित हो। | स्थानीय समाचार पत्रों/सूचना पट्ट में प्रदर्शित करते हुएः (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–2) | 22 जून 2024 |
| 2 | क्षेत्रीय स्ट्रीट वेंडरों की सूची का प्रकाशन एवं इसकी प्रति टाउन वेंडिंग समिति या स्थानिय प्राधिकरण जैसी स्थिति हो उसे सौंपना/उपलब्ध कराना अर्थात चुनाव घोषित होने के साथ ही। | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–4) | 22 जून 2024 |
| 3 | क्षेत्रीय स्ट्रीट वेंडरों की सूची को नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित करना। | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–4) | 01 जुलाई 2024 |
| 4 | नामांकन का कार्य (अंतिम तिथि) | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–3घ) | 02 जुलाई 2024 |
| 5 | नामांकन पत्रों की जाँच | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–8) | 03 जुलाई 2024 |
| 6 | अंतिम रूप से जाँच किये गये वैध नामांकित पत्रों का प्रकाशन | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–8 उपकंडिका–10) | 04 जुलाई 2024 |
| 7 | नाम वापसी लेने का समय | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–10) | 05 जुलाई 2024 |
| 8 | अंतिमसूची का प्रकाशन | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–10) | 06 जुलाई 2024 |
| 8.1 | अगर अंतिम सूची आरक्षण रोस्टर अनुरूप 12 सदस्यों के रहने पर निर्विरोध की धोषणा | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–21) | 06 जुलाई 2024 |
| 9 | मतदान की तिथि | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–3 घ) | 08 जुलाई 2024 |
| 10 | मतगणना की तिथि | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–20) | 09 जुलाई 2024 |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र वितरण | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–20) | 11 जुलाई 2024 |
| 12 | चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी करना | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–24) | 12–13 जुलाई 2024 |
| 13 | सरकार/विभाग को सूचित करना | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–24) | 12–13 जुलाई 2024 |

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा

**PR 327230 Urban Development(24-25)#D**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण वैश्विक समुदाय, भारत के साथी नागरिकों को शुभकामनाएं! योग मानवता को भारत का अद्वितीय उपहार है। बढ़ती जीवनशैली संबंधी समस्याओं को देखते हुए योग आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति



"हमारे ऋषि-मुनियों से मिला ज्ञान ही हमें आगे ले जा सकता है। हमारी शारीरिक शक्ति, मन की शांति, कल्पना का दायरा, विवेक की शक्ति, पूरे देश की सामूहिक ऊर्जा को जागृत करने के लिए योग से बड़ा कोई साधन नहीं हो सकता।

अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री



"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए इसी परंपरा के प्रति, इसी श्रद्धा को व्यक्त करने का एक माध्यम बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर हमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदान किया है, जिनके विजन और प्रयासों का परिणाम है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

# भारत ने विश्व को दिया बड़ा संदेश

एजेंसी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश और दुनिया के लोगों को शुभकामनाएं दीं और यहां डल झील के किनारे स्थित एसकेआईसीसी में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से कहा कि कश्मीर और श्रीनगर के उत्साहपूर्ण वातावरण में योग से मिलने वाली शक्ति की अनूठी अनुभूति होती है। उन्होंने कहा, जब हमने 2014 में इस कार्यक्रम की शुरूआत की थी, तब 177 देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन किया था और यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। वर्ष 2015 में दिल्ली में योग समारोह में रिकॉर्ड 35 हजार लोगों ने भाग लिया था। पिछले साल अमेरिका में योग समारोह में 130 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। मुझे खुशी है कि योग का प्रशिक्षण देने वाले 100 से अधिक संस्थानों को विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। पीएम ने कहा कि योग में रुचि और इसके लाभों के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर, जब मैं नेताओं से मिलता हूं, तो वे मुझसे योग के लाभों के बारे में पूछते हैं। महान विश्व नेता योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। मैंने 2015 में तुर्कमेनिस्तान में एक योग संस्थान का उद्घाटन किया। सऊदी अरब में योग को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। मंगोलिया में, आज एक योग केंद्र है। यूरोपीय देशों में भी योग में रुचि बढ़ रही है। जर्मनी में 1.50 करोड़ लोग योग का अभ्यास करते हैं। योग के ज्ञान के लिए 101 फ्रांसीसी महिलाओं ने खुद को समर्पित किया है और उन्होंने यह सब भारत आए बिना किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में योग के बारे में धारणा बदली है और आज योग एक आंदोलन बन गया है। हवाई अड्डों और होटलों में अब योग की प्रामाणिक विधि उपलब्ध है। बाजार योग परिधान और उपकरण बेच रहे हैं। लोग व्यक्तिगत फिटनेस के लिए योग प्रशिक्षकों को नियुक्त कर रहे हैं और इससे हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' है और आज दुनिया दैनिक जीवन में तनाव के बीच योग की मदद ले रही है।



श्रीनगर में पीएम ने किया योग

## नोएडा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नोएडा।** (आईएएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को नोएडा स्टेडियम में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों और आम लोगों ने भाग लिया। गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, प्रभारी मंत्री बृजेश कुमार सिंह, डीएम मनीष वर्मा, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम सहित अन्य अफसर इस दौरान मौजूद रहे। इस बार का योग दिवस का थीम स्वयं और समाज की भलाई है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, कराटे स्टूडेंट्स ने भाग लिया। पहले इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के आने की सूचना थी। लेकिन देर रात उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया। दसवें योग दिवस पर नोएडा स्टेडियम में सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच योग करवाया गया।इस मौके पर गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा है कि स्वस्थ मन से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से ही योग दिवस को बहुत ही वृहद रूप से मनाने का कार्यक्रम शुरू हुआ था। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सब अपने-अपने जिलों में योग दिवस मना कर लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं और उन्हें एक संदेश भी दे रहे हैं कि स्वास्थ्य को ठीक रखना बेहद जरूरी है। नोएडा में आज लाखों लोगों ने अलग-अलग जगह पर आयोजित कार्यक्रमों में योग किया।



### योग दिवस कार्यक्रम के बाद लोगों के बीच पहुंच गए पीएम

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को लोगों के बीच पहुंच गए और उनसे बातचीत की। बारिश के चलते योग का कार्यक्रम शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में कराया गया।

पहाड़ों की बर्फीली चोटियों से समुद्र तक छाया योग



### मानवता को भारत की सबसे बड़ी सौगात है योगः अमित शाह

**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अहमदाबाद के बोडकदेव स्थित गोटिला गार्डन में योगाभ्यास किया। समारोह में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने की शुरूआत की। मोदी ने अपने प्रस्ताव से भारत के प्राचीन विज्ञान योग से पूरे विश्व का परिचय कराया। इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश ने वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए ऐतिहासिक जनादेश मिलने के बाद मोदी जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में गए, तब उन्होंने 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था।

## बीआरएस को झटका, तेलंगाना के पूर्व स्पीकर श्रीनिवास रेड्डी ने थामा कांग्रेस का दामन

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका देते हुए वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। उनके साथ बेटे भास्कर रेड्डी ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने व्यक्तिगत तौर पर श्रीनिवास रेड्डी के घर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल होने का निमंत्रण दिया। निजामाबाद जिले के बीआरएस विधायक और प्रमुख नेता श्रीनिवास रेड्डी ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में काम करने की इच्छा जताई। पूर्व अध्यक्ष ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि वे ऐसे नेतृत्व के साथ काम करने के लिए तैयार हैं जो काम करता है। उन्होंने पार्टी द्वारा कृषि, किसानों और सिंचाई परियोजनाओं के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

## अमेरिका के ओकलैंड में जुनेटींथ समारोह के दौरान गोलीबारी, 15 लोग हुये घायल

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के ओकलैंड स्थित लेक मेरिट में जुनेटींथ समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में 15 लोग घायल हो गए। ओकलैंड पुलिस विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 8:15 बजे तक भीड़ शांतिपूर्ण थी। इसके बाद ग्रैंड एवेन्यू और बेलव्यू एवेन्यू के पास वाहनों और मोटरसाइकिलों से जुड़ा एक अवैध प्रदर्शन हुआ। ओकलैंड पुलिस विभाग के प्रमुख फ्लॉयड मिशेल ने गुरुवार दोपहर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शो के दौरान, कोई व्यक्ति कार के हुड पर चढ़ गया, जिसके कारण कार में बैठे लोग बाहर निकल आए और उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई।

## चंद्रबाबू नायडू, पवन कल्याण ने विधायक के रूप में ली शपथ




**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। चंद्रबाबू नायडू ने सबसे पहले शपथ ली। उन्होंने कसम खाई थी कि जब तक सीएम बन कर नहीं लौटूंगा, विधानसभा में कदम नहीं रखूंगा। प्रो-टेम स्पीकर जी. बुचैया चौधरी ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। चौथी बार मुख्यमंत्री बने नायडू का तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और उसके सहयोगी जन सेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

## भीषण गर्मी से सब्जियों व फलों के आकार व स्वाद बदल गये हैं

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी पड़ने के कारण फल व सब्जियों के आकार व स्वाद बदल गये हैं।पानी के कमी के कारण सूखने लगे हैं। गर्मी के कारण पहले ही सब्जियों और फलों की आवक बाजार में कम हो गई है। लेकिन जो सब्जियां व फल मंडी में आ रहे हैं, उनमें भी ज्यादातर में कड़वाहट है। खीरे कड़वे हो गए हैं, जामुन ठीक से पके नहीं हैं। आम व केले के स्वाद बदल गये हैं। गर्मी व लू के कारण एक हफ्ते में कई सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। बढ़ते तापमान के कारण खेतों में हरी सब्जियों के पौधे भी जल गए हैं। तापमान व तेज धूप की वजह से खेतों में ही हरी सब्जियों के पौधे सूख रहे हैं। जो कुछ सब्जियां मंडी तक पहुंच रही हैं, वे भी भीषण गर्मी के कारण खराब हो रही हैं। टमाटर, घीया, तोरई की फसल नष्ट हो गई है। इसका असर अब बाजारों पर 50 प्रतिशत तक दामों में उछाल देखने को मिल रहा है। गर्मी में आम के बाद जामुन का लोगों को इंतजार रहता है। कुछ जगहों में जामुन नजर आ रहा है, लेकिन वह दूसरे राज्यों का है। भारत में दक्षिण से लेकर उत्तर में गंगा-सिंधु के मैदानों तक इसका उत्पादन किया जाता है। उप्र के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक प्रमुख जामुन उत्पादक राज्य हैं। व्यापारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश का जामुन न आने की वजह ये है कि जून में एक बार भी बारिश नहीं हुई। जब बारिश हो जाती है तभी जामुन पकता है। पिछले वर्षों में इस समय तक कुछ बारिश हो जाती थी और पकने की शुरूआत हो जाती थी। अभी बारिश न होने और तापमान बढ़ने के कारण वह आकार नहीं ले पाएगा। भीषण गर्मी के कारण काफी जामुन तो सूख कर गिर जा रहे हैं। ऐसे में जामुन को बचाने के लिए किसानों की लागत बढ़ गई है। इससे ये महंगे भी मिल रहे हैं और वह स्वाद भी नहीं है। वहीं, केला जो इस समय बाजार में मिल रहा है, उसमें मिठास नहीं है, फीकापन ज्यादा है। साथ ही, वह ज्यादा दिन तक टिक भी नहीं पा रहा है और पिलपिला हो जा रहा है।



दिल्ली के आजादपुर मंडी के व्यापारियों का कहना है कि गर्मियों में सलाद और खीरा बहुत पसंद किया जाता है। लेकिन इन दिनों प्याज-आलू के साथ टमाटर भी महंगा होता जा रहा है। पिछले दो हफ्तों में टमाटर के दामों में दोगुना बढ़ गया है। गर्मी के कारण खीरे की फसल भी खत्म हो गई है। अब बारिश के बाद वाली फसल आएगी। कुछ किसानों ने खेतों में लगातार पानी देकर खीरा बचाने की कोशिश जरूर की, लेकिन सिंचाई की बढ़ती लागत से किसान परेशान है। खीरे में थोड़ा भी पानी कम रह गया, तो उसमें कड़वाहट आ जाएगी। इतनी मेहनत के बाद भी किसान को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है।किसानों का कहना है कि गर्मी का असर आम पर देखने को मिल रहा है। आम के बागों में भी लगातार सिंचाई करनी पड़ रही है। बागों में नमी बरकरार रहनी चाहिए। यदि पानी समय पर नहीं दिया, तो आम का साइज छोटा रहेगा। जल्दी पककर गिर जाएगा। गर्मी के कारण लागत और मेहनत दोनों बढ़ गई है। पहले ज्यादा सर्दी और अब ज्यादा गर्मी का भी आम के उत्पादन पर असर पड़ा है। जनवरी में ज्यादा सर्दी के दौरान धूप नहीं निकलने से आम के फूल आने की प्रक्रिया धीमी हो गई थी। जिन आम के बागों में देरी से फूल आए वे तेज गर्मी से सूख गए। उप्र में आम का तकरीबन 20.85 फीसदी उत्पादन होता है। इसके बाद आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु ,बिहार और गुजरात में उत्पादन होता है। लेकिन इस बार मौसम की मार आम पर भारी पड़ी है । जिसके कारण उप्र सहित कई राज्यों में राज्यों में आम के उत्पादन में 60 प्रतिशत की कमी आई है।

योग दिवस

### 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मथुरा में सैनिकों के साथ किया योग

*योग को दुनिया तक पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया।*

एजेंसी

**मथुरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में शुक्रवार को 1 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास करके 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग शरीर एवं मन को जोड़ता है और आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करने में मदद करता है। यह हमारे आक्रामक क्षमताओं को संभालने में मदद करता है, जो देश की सुरक्षा को लेकर सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बाद रक्षा मंत्री ने भगवान बांके बिहारी के दर्शन किए। रक्षा मंत्री ने इस दिन को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताया कि दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार कर रही है और अपना रही है। उन्होंने योग को दुनिया तक पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। इस कार्यक्रम में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, अग्निवीरों, परिवारों और बच्चों सहित 600 लोग शामिल हुए।



"भारत एक ऐसे देश के रूप में जाना जाता है जो कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं करता और विस्तारवादी साम्राज्यवादी नीतियों के खिलाफ है।

### प्रतिदिन योग जारी रखने का आह्वान किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि हर भारतीय सैनिक एक तरह से योगी है। दुनिया ने कई बार हमारे सैनिकों की शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती देखी है। न केवल सीमाओं पर, बल्कि राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान राष्ट्र के लिए उनकी सेवा उनके मजबूत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का प्रमाण है। जिस तरह से वे विपरीत परिस्थितियों में अनावश्यक आक्रामकता से बचते हैं और जब भी जरूरत होती है देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए आक्रामक रूप से खड़े होते हैं, वह एक योगी की उनकी पहचान को पुख्ता करता है। उन्होंने सैनिकों से प्रतिदिन योग का अभ्यास जारी रखने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत एक ऐसे देश के रूप में जाना जाता है जो कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं करता और विस्तारवादी साम्राज्यवादी नीतियों के खिलाफ है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह से उसकी संप्रभुता को खतरा होता है।

## अमेरिका ने रूसी कंपनी कैस्परस्की के सॉफ्टवेयर बैन करने की घोषणा की

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मॉस्को स्थित साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की द्वारा बनाए गए एंटीवायरस सॉफ्टवेयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि रूसी सरकार की आक्रामक साइबर क्षमताओं और कैस्परस्की के संचालन को प्रभावित करने या निर्देशित करने की क्षमता के कारण अमेरिका में कंपनी के संचालन से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है।

बयान में कहा गया है, कैस्परस्की अब आम तौर पर अन्य गतिविधियों के अलावा अमेरिका में अपने सॉफ़्टवेयर नहीं बेच सकेगी और न ही पहले से उपयोग किये जा रहे सॉफ़्टवेयर के अपडेट प्रदान करने में सक्षम होगी। विभाग ने कहा कि कैस्परस्की के व्यापक रूप से इंस्टॉल किए गए एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर के निजी और पेशेवर यूजरों को जोखिम के कारण कोई अन्य विकल्प तलाशना चाहिए।

kaspersky

*कैस्परस्की अब आम तौर पर अन्य गतिविधियों के अलावा अमेरिका में अपने सॉफ़्टवेयर नहीं बेच सकेगी*